from the Earliest Times (हिस्ट्री ऑफ पॉलिटिकल लिटरेचर फ्रॉम द अर्लीस्ट टाइम) 1855 से आया (Andrew Vincent: 2004, 40)। यहाँ ऐतिहासिक अध्ययन पर ज़ोर दिया जाता है क्योंकि अतीत से वर्तमान में संभावित राजनीतिक विकास का मार्ग खुल सके। क्योंकि यह प्राचीन राजनीतिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं के ऐतिहासिक अध्ययन पर जोर देता है। यह ऐतिहासिक राजनीतिक घटनाओं का वर्णन करता है। आसान शब्दों में यह किसी भी राजनीतिक स्थिति के विश्लेषण के लिए सभी राजनीतिक वास्तविकताओं का ऐतिहासिक अध्ययन है। मैकियावेली (Machiavelli), सेबाइन (Sabine), डंनिंग (Dunning) इन सभी का मानना था कि राजनीति और इतिहास आपस में जुड़ी हुई हैं, इसलिए राजनीति के अध्ययन के लिए एक ऐतिहासिक परिपेक्ष्य हमेशा होना चाहिए। सेवाइन का मानना था कि राजनीति के अध्ययन में उन सभी विषयों को भी जोड़ा जाना चाहिए, जिनका लेखा-जोखा विभिन्न राजनीतिक चिंतकों ने प्लेटो के समय से अब तक किया है। यह उपागम इस बात पर जोर देता है कि किसी भी चिंतक के राजनीतिक विचार और उसकी राजनीतिक सोच या राजनीति की समझ उसके आसपास के वातावरण से बनती है। यह उपागम मानता है कि हमें ग्रीक समय से लेकर आज के समय तक के सिद्धांतकारों के सिद्धांत के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है तभी हमें उनके विचारों जेनियलॉजी का पता चलेगा इस प्रकार हिस्ट्री यानी इतिहास एक व्यापक समझ में अतीत विश्वासों और व्यवहार की समझ से संबंधित है।

जैसाकि एंड्रू विंसेंट अपनी रचना *Nature of Political Theory (2004)* में वर्णन करते हैं इस उपागम के विकास को दो लहरों में समझ सकते हैं, इसकी पहली लहर 1950 और 1960 के दशक के बीच में आई जिसमें मुख्य रूप से लियो स्ट्रॉस (Leo Strauss) का योगदान माना जाता है जो वह मानते थे कि ऐतिहासिक राजनीतिक सिद्धांत शास्त्रीय सार्वभौमिक नैतिक मूल्यों पर आधारित हैं। यानी इतिहास और दर्शन (Philosophy) कभी अलग नही किए जा सकते हैं। इसलिए इनका मानना था कि ग्रंथ (Text) अपने पाठकों को नैतिक रूप से प्रभावित करता है। इस लहर में स्ट्रॉस और हन्ना एरेंट (Hannah Arendt) ने राजनीतिक दर्शन की परंपरा को आलोचनात्मक और नैतिक महत्त्व देने की कोशिश की है।

दूसरी लहर 1970 के दशक से 1990 के दशक तक चली जिस में मुख्यतः क्विन्टन स्किनर (Quinten Skinner) का योगदान रहा, जिन्होंने लेखक के इरादे (Intention) को जानने पर जोर दिया उनका मानना है कि अगर वैचारिक निर्माण और परिवर्तन की प्रक्रिया को जानना है तो बहुत सक्रिय ऐतिहासिक पूछताछ करनी होगी, ताकि उसके संदर्भ और वह किसके लिए है यानी उनके दर्शक (Audience) कौन है? इस बारे में पता चल सके। यहाँ देखने योग्य यह बात है कि स्किनर और स्ट्रॉस दोनों ही लेखक के आधिकारिक इरादे को महत्त्व देते हैं। लेकिन दोनों में एक अंतर यह है कि जहाँ स्किनर संदर्भ के आगे नहीं जाते वही स्ट्रॉस मानते थे कि संदर्भ और इरादा खुद नैतिक सार्वभौमिकता का स्रोत हैं (Andrew Vincent: 2004, 46)। प्रारंभ में इतिहास को नागरिक शिक्षा के रूप में देखा जाता था, जिसके द्वारा लोगों में राष्ट्रीय चेतना और जागरूकता जगाई जाती थी, यानी यह राष्ट्रीय व्याख्यान के रूप में था लेकिन राजनीतिक सिद्धांत में आने पर इसका मुख्य ध्यान ग्रंथ, उसके संदर्भ और लेखक की आधिकारिक मंशा या इरादे पर हो गया। इसका मुख्य तर्क यह रहा कि अतीत से नई समस्याओं के समाधान निकाले जा सकते हैं, यह प्राकल्पना और वैचारिक पहेलियों के परीक्षण के लिए कारगर साधन है और मानव मुक्ति या कल्याण का ऐतिहासिक रचनावली है। अतः इस उपागम का मुख्य आधार चिंतकों और सिद्धांतकारों की रचना के समय के वातावरण संदर्भ, और उसकी मंशा या इरादा समझने की है ताकि उनकी

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

सही समझ स्थापित की जा सके। इसलिए 1960 में पीटर लासलेट, जॉन डन और क्विन्टन स्किनर सभी यह दावा करने लगे थे की ऐतिहासिक संदर्भ ही किसी राजनीतिक सिद्धांत के विकास को आकार देता है।

2. संस्थागत उपागम (Institutional Approach)

यह भी परंपरागत उपागमों में से एक है। इस उपागम का विकास मुख्य रूप से राजनीति के अध्ययन के विकास के साथ जुड़ा हुआ है, क्योंकि जैसे-जैसे जर्मनी के अलावा अन्य यूरोपीय देशों में और उत्तर अमेरिका में राजनीतिक के अध्ययन का विकास एक अनुशासन के रूप में हुआ। वैसे-वैसे संस्थागत उपागम का भी विकास होता गया। इसका मुख्य कारण यह था कि प्रारंभ से ही संस्थाओं के अध्ययन का सीधा संबंध राज्य के अध्ययन से जुड़ा हुआ था। संस्थाओं को राज्य के रूप में ही देखा गया। इसलिए इसको राज्य का सिद्धांत भी कहा जाता है। राज्य के सिद्धांत का मुख्य रूप से उद्गम हमें जर्मनी में देखने को मिलता है, राज्य राजनीति का मुख्य केंद्र-बिन्दु रहा, खासतौर पर राष्ट्रवादी विचारधारा के चरम पर होने के दौर में। इसलिए इसे जर्मन विचारधारा भी कहा गया। बाद में यह जर्मन विचारधारा अन्य देशों में भी विकसित होने लगी। चूँकि उस दौर में राजनीतिक अध्ययन या राजनीति एक अनुशासन के रूप में विकसित हो रही थी यह यूरोप के अन्य देशों में भी विकसित हुई और उत्तर अमेरिका में विकसित हुई यहाँ पर आरंभ से ही राजनीति को राज्य के अध्ययन के रूप में देखा गया।

यह उपागम राजनीतिक सिद्धांत के कार्य की पहचान राज्य के अर्थ और उसके कार्यों को अभिव्यक्त करने के तौर पर करता है, जिसमें राज्य का दार्शनिक विचार और संवैधानिक वैधानिक कार्य दोनों शामिल हैं (Andrew Vincent: 2004, 28)। इस उपागम का उद्गम हीगेल (Hegel) और फ़िशे (Fische) के कार्यों में देखा जा सकता है। जिनका मानना है कि अगर राजनीति को जानना है, तो राज्य को जानो, राज्य को जानने के लिए उसके भीतरी आदर्शों को भी जानना होगा (Andrew Vincent: 2004, 28)। विंसेंट मानते हैं कि इस उपागम का विकास मुख्यतः जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी अमेरिका में इसलिए हुआ क्योंकि वहाँ पर संवैधानिक अध्ययन को बढ़ावा दिया गया। जो राजनीतिक संस्थाओं से सरोकार रखता था। उस दौर में राजनीतिक सिद्धांत बहुत सारे अन्य परिपेक्ष्य से जुड़ा हुआ था। इस उपागम का केंद्र बिंदु मुख्यता राज्य है यह राज्य के ऐतिहासिक, वैधानिक व दार्शनिक आयाम के रूप में देखा जा सकता है। बहुत सारे विचारकों जैसे एलटी हॉबहाउस (LT Hobhouse), मैक्स वेबर (Max Weber), लीओन डुगित (Leon Duguit), एमिली दुर्खेइम (Emile Durkheim)और आर एम (RM MacIver) राज्य के बारे में लिख रहे थे इसलिए 1870 के दशक से 1920 के दशक में राज्य परिपेक्ष बहुत ज्यादा प्रभावशाली था। जॉन वर्गिस (John Burgess), चार्ल्स मरियम (Charles Merrium), वुड्रो विल्सन (Woodrow Wilson) और रिटर्निंग इस राज्य उपागम के मुख्य मनीषा रहे। ब्लून्तश्चली (Bluntschli) भी राज्य के सिद्धांत (Theory of State) की ही बात करते हैं।

यहाँ यह जानना बहुत जरूरी हो जाता है कि इस उपागम में राज्य पर इतना ध्यान क्यों दिया गया? इसका मुख्य कारण राष्ट्रवाद में वृद्धि होना था। क्योंकि 19वीं-20वीं सदी में सभी का ध्यान राज्य के विचार पर था। और उस दौरान यूरोप में राज्य निर्माण चल रहा था। इन सभी देशों में अपने अपने राज्य को मजबूती देने का कार्य चल रहा था इसलिए इसके अध्ययन को एक अनुशासन के रूप में विकसित करने की कोशिश हो रही थी। उत्तरी अमेरिका, ब्रिटेन में राजनीति के अध्ययन के लिए राज्य पर ही ध्यान था। ऐसा इसलिए, क्योंकि यहाँ पर राज्य का संबंध सीधे-सीधे राजनीति के

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

अनुशासन से जुड़ा हुआ था। शुरुआत से ही यहाँ पर राजनीतिक अध्ययन की मुख्य क्षेत्र राज्य है। क्योंकि इनका मानना था कि राजनीति ग्रीक भाषा के शब्द Polis से आया जिसका मतलब ही नगर-राज्य (City-State) या मात्र राज्य है। अरस्तु (Aristotle) ने राजनीति विषय का विकास तब ही किया था, जब वह राज्य के विज्ञान पर काम कर रहे थे (Andrew Vincent: 2004, 33)।

यह जानने के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि राज्य का जो सिद्धांत है वह एक जर्मन विचारधारा थी, जो यूरोप के बाकी देशों और उत्तर अमेरिका में समय के साथ-साथ फैलती गई। लेकिन जैसा कि एंड्रू विंसेंट वर्णन करते हैं कि 1950 के दशक से इस दार्शनिक आदर्शवाद में गिरावट आने लगी खासतौर से यूरोप (जर्मनी को छोड़कर) और अमेरिका के देशों में ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि विश्व युद्ध के कारण अन्य सभी देश जर्मन विचारधारा पर संशय व्यक्त करने लगे थे। उत्तरी अमेरिका में बड़ा परिवर्तन हुआ, जहाँ राजनीति अध्ययन क्षेत्र में प्रत्यक्षवादी परिवर्तन (Positivist Shift) आया जिसमें उन विषय-वस्तु को ही महत्त्व दिया गया, जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से महसूस किया जा सकता था या तो देखा जा सकता था। राजनीतिक सिद्धांत के क्षेत्र में राजनीतिक विज्ञान को अधिक महत्त्व दिया और राजनीतिक अध्ययन के लिए आनुभविक पद्धति की ओर अग्रसर होने लगे। खासतौर शिकागो यूनिवर्सिटी में राजनीतिक को और वैज्ञानिक बनाने पर ज़ोर दिया जा रहा था। अब आदर्शी और आनुभविक पद्धतियाँ अलग हो गई थी, यानी क्या "है" (is) और क्या होना "चाहिए" (ought) अलग होने लगे (Andrew Vincent: 2004, 35)। ग्रैहम वलास (Graham Wallas), जॉर्ज सोरेल (George Sorel), गुस्ताव ले बॉन (Gustav le Bon) इन सभी ने राज्य और नागरिकों की आदर्शी तार्किकता को कमजोर किया है, क्योंकि उन्होंने अपना ध्यान मुख्य रूप से व्यवहार और औपचारिक राजनीति पर लगा दिया (Andrew Vincent: 2004, 37)।

राजनीतिक दर्शन के समाप्त होने के साथ-साथ इस उपागम में भी रुचि घट गई थी। पर 1980 और 90 के दशक में आदर्शी उपागम के पुनर्जीवित होने के साथ-साथ यह भी नवसंस्थावाद के रूप में पुनः जीवित हुआ। खासतौर से 1980 के दशक में जब संस्थाओं के आकार के अध्ययन किया जाने लगा।

3. आदर्शी उपागम (Normative Approach)

जैसा कि जॉर्ज कैटलिन मानते हैं राजनीतिक सिद्धांत राजनीतिक विज्ञान और राजनीतिक दर्शन दोनों से मिलकर बना है। यह आदर्शी उपागम राजनीतिक दर्शन का भाग है इसलिए यह दार्शनिक प्रकृति का है। यह उपागम निर्देशात्मक प्रवृत्ति का है, जिसका संबंध मूल्यों, नैतिक मानकों से है। यह बताता है कि मानव को सब की भलाई के लिए या मानवीय जीवन की भलाई के लिए क्या करना चाहिए? यह हमें निर्देशित करता है कि "कैसे रहना चाहिए", क्योंकि इसके अनुसार समाज के कुछ सामान्य लक्ष्य और उद्देश होते हैं (Andrew Vincent, 2004: 21)।

लियो स्ट्रॉस (Leo Strauss), माइकल ओकशॉट (Micheal Oackshot), हन्ना एरेंट (Hannah Arendt), और फ्रेडरिक हैयक (Fredrick Hayek) अपने आप को इस परंपरा का मानते हैं (Andrew Vincent: 2004, 21)। दर्शन विज्ञान से अलग होता है, जहाँ विज्ञान किसी भी राजनीतिक घटना का वर्णन करता है, वहीं दर्शन उसका औचित्य देने की कोशिश करता है ताकि एक तार्किक समझ बन सके कि उसको माना जाए या नहीं। राजनीतिक दर्शन का कार्य है राजनीतिक मान्यताओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन करना भी है। यह किसी राजनीतिक प्रवचन (Political

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

Discourse) में प्रयुक्त विचार को स्पष्ट करने में मदद करता है। इसका संबंध राजनीति, राज्य, न्याय, स्वतंत्रता, समानता आदि के बारे में विभिन्न राजनीतिक विचारकों के व्यापक चिंतन से है। क्योंकि यह सभी राजनीतिक आलोचनात्मक मूल्यांकन के पात्र हैं। यह नीतिशास्त्र, दर्शनशास्त्र और नैतिकता से जुड़ा हुआ है। राजनीतिक सिद्धांत में यह उपागम अच्छे जीवन का स्रोत माना जाता है।

एंड्रू विंसेंट अपनी कृति *Nature of Political Theory* में इसे शास्त्रीय आदर्शी (Classical Normative) राजनीतिक सिद्धान्त की संज्ञा देते हैं। उनका मानना है कि यह एक समय विहिन उपक्रम है, जिसमें प्लेटो से लेकर वर्तमान समय तक के सिद्धान्तकार शामिल हैं। उनका यह भी मानना है कि इसका सार्वभौमिक सरोकार है, क्योंकि मानव समाज में सामान्य लक्ष्य और उद्देश्य है। यह बताती है कि मानव समाज को अच्छे भविष्य के लिए "कैसे रहना चाहिए"। यही कारण है कि इसकी प्रवृत्ति निर्देशात्मक है। विंसेंट बताते हैं कि लियो स्ट्रॉस (Leo Strauss) ने इसमें सांस्कृतिक संकट की विषयवस्तु पर ध्यान दिया, जिससे उन्हें आधुनिकता की तीन लहरें नज़र आई जो शास्त्रीय राजनीतिक दर्शन और आधुनिक राजनीतिक दर्शन के विभाजन का कारण बनी। इसकी पहली लहर में मैकियावेली (Machiavelli), जो कि आधुनिक राजनीतिक दर्शन के जनक मने जाते हैं, उन्होंने सभी प्रकार की नैतिकता और धर्म को राजनीति के अधीन किया। दूसरी लहर में रूसो (Rousseau) हैं, जिन्होंने राजनीति के लिए नैतिक मानक इतिहास से लिए हैं और तीसरी लहर में नीत्शे (Nitzsche) और हाइडेगर (Heidegger) जैसे जर्मन दार्शनिक शामिल हैं, जिन्होंने इसमें नास्तित्ववाद (Nihilism) को जोड़ा जो यह मानती है कि जीवन का कोई सार्थक महत्त्व नहीं है।

विंसेंट का मानना है कि इसके बाद राजनीतिक सिद्धान्त के इस उपागम का लेना-देना प्राकृतिक क़ानून, नीतिशास्त्र से ज़्यादा रहा है। वह यह भी मानते हैं कि आधुनिक दर्शन की इस परंपरा को दार्शनिक आन्दोलनों, अरस्तूवाद, प्लेटोवाद, मध्यकालीन ईसाई धर्म से भी जोड़ सकते हैं। आधुनिक राजनीतिक दर्शन ने राज्य के कारण, संप्रभुता और राजनीतिक व्यवस्था को महत्त्वपूर्ण बना दिया है।

लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इसे आनुभविक राजनीतिक सिद्धांत से चुनौती मिलने लगी क्लासिक राजनीतिक चिंतन के दो महान दार्शनिक प्लेटो और अरस्तू अपने युग के राजनीतिक सिद्धांत में राजनीति, सिद्धांत का विचार और दर्शनशास्त्र की परंपरा, तीनों को शामिल करने की कोशिश करते थे।

इसकी कुछ विशेषताएँ हैं, जैसे, क्योंकि यह राजनीतिक दर्शन शास्त्र का भाग है इसलिए इसमें Philosophy यानी कि दर्शन का बहुत प्रभुत्व है। दूसरा यह सर्वोत्तम अच्छाई में विश्वास रखता है। देखने योग्य यह है कि सर्वोत्तम अच्छाई उदारवादी और समाजवादियों के लिए अलग-अलग हो सकती है। जहाँ एक उदारवादी सर्वोत्तम अच्छाई को व्यक्तिगत स्तर से देखने की कोशिश करता है, वहीं एक समाजवादी सर्वोत्तम अच्छाई को सामाजिक स्तर से देखने की कोशिश करता है। यह राजनीतिक सम्पूर्णता में विश्वास करता है, जिसमें दर्शनशास्त्र, नीतिशास्त्र, नैतिकता, राजनीतिक वैधानिकता अर्थात् सब कुछ होता है। यह उपागम मूल्यों को अधिक महत्त्व देता है। राजनीतिक संस्थाओं में और प्रक्रियाओं में सुधार करने पर जोर देता है। यह समाज की भलाई के लिए राजनीतिक संस्थाओं प्रक्रियाओं को 'क्या होना चाहिए?' इस पर जोर देता है। इस प्रकार यह आदर्श राज्य सरकार के प्रकार पर जोर देता है।

इसकी आलोचना इस आधार पर की जाती है कि यह अधिक नैतिक है, काल्पनिक है, और स्वप्नलोकि है। जो

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

राजनीतिक वास्तविकता से परे है। क्योंकि इसका केंद्र-बिन्दु हमेशा से ही 'क्या होना चाहिए' है। उदारवादी या बहुत से राजनीतिक चिंतक इसकी आलोचना इसलिए भी करते हैं, क्योंकि वह मानते हैं कि यह मूल्यों पर आधारित है और मूल्यों पर आधारित होने के कारण इसकी यह कमी है कि मूल्य हमेशा सापेक्षिक होते हैं। वह कभी भी सार्वभौमिक नहीं होते। कौन से मूल्य समाज के लिए अच्छे हैं उसके सर्वोत्तम जीवन को निर्धारित करते हैं। इसको समाज में कभी भी पूर्ण बहुमत नहीं बनता। विंसेंट वर्णन करते हैं कि नीति शास्त्र मानवीय आकांक्षा व जज्बे से जुड़े हैं, इसलिए नैतिक नियम व मानवीय चाहा और जुनून का शिकार होते हैं।

इसलिए इसको लेकर मतभेद बना रहता है कि इसका निर्धारण आखिर करेगा कौन? क्योंकि अक्सर देखा जाता है मूल्य किसी संस्कृति से जुड़े हुए होते हैं। यहाँ निष्पक्षता का प्रश्न का हल नहीं होता इसलिए समाज के जिन समूहों के मूल्यों को नैतिक उस समय के लिए नहीं समझा जाता, उनका सामाजिक भलाई धारा से निष्कासन हो जाता है। इसलिए उनका न्याय संगत होने पर भी प्रश्न उठते हैं।

इन सब के परे हमें यह देखना होगा की आदर्श उपागम राजनीति को अच्छाई और न्याय से जोड़ने की कोशिश करते हैं और इसीलिए यह राजनीतिक संस्थाओं की प्रक्रियाओं और राजनीतिक घटनाओं के आलोचनात्मक मूल्यांकन पर जोर देते हैं।

4. आनुभविक उपागम (Empirical Approach)

आनुभविक-वैज्ञानिक राजनीतिक सिद्धांत एक अमेरिकी देन है यह शिकागो स्कूल चिंतन से निकल कर आई है, जहाँ चार्ल्स मरियम, हैरोल्ड लासवेल, डेविड एप्टर, डेविड ईस्टन ने इसका विकास किया। डेविड ईस्टन अपनी कृति *Decline of Political Thought* में परंपरागत उपागमों को यह कहकर नकार सिया था कि वे सब अतीत के बारे में बेकार की सूचना मात्र देता है। विंसेंट वर्णन करते हैं कि मोन्टेस्क्यु (Montesque), डेविड ह्यूम (David Hume) और एडम स्मिथ (Adam Smith) आदि राजनीतिक विज्ञान को अप्लाइड साइंस बनाने की कोशिश कर रहे थे। इन्होंने राजनीति के अध्ययन को और भी अधिक वैज्ञानिक बनाने के लिए उसे राजनीतिक आदर्शों, मूल्यों, संस्थाओं से हटाकर व्यक्ति और समूह के व्यवहार के संदर्भ से जोड़ दिया। राजनीतिक सिद्धांत के अध्ययन के लिए प्रयोग किया जाने वाला यह उपागम नैतिकता और मूल्यों से मुक्त है। यह पूर्णता है तथ्यों, अनुभव-अवलोकन, परिकल्पना परीक्षण और विश्लेषण पर आधारित है, इसलिए यह वैज्ञानिक है। यह व्यवहारवाद पर अधिक जोर देता है। गैरी स्टोकर और डेविड मार्श मानते हैं कि आनुभविक उन्मुखी राजनीतिक सिद्धांत में व्यवहारवाद, तार्किक चयन, संस्थागत, कंस्ट्रक्टिविस्ट, मनोवैज्ञानिक, नारीवादी और मार्क्सवाद आदि उपागम आते हैं। यह राजनीतिक विज्ञान का भाग है जिसका कार्य राजनीतिक घटनाओं और प्रक्रिया का अवलोकन (observation), सामान्यीकरण, वर्णन और भविष्यवाणी करना है। डेविड ईस्टन का मानना था कि पारंपरिक राजनीतिक सिद्धांत कुछ और नहीं बस भूतकालीन राजनीतिक उथल-पुथल का नतीजा है जिनकी आज के समय में कोई प्रासंगिकता नहीं है। इसलिए अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, मनोवैज्ञानिक आगे बढ़कर निर्णय निर्माण की प्रक्रिया में भाग लेने और राजनीतिक वैज्ञानिकों की अवहेलना होने लगी।

यह आदर्शी उपागम से अलग है क्योंकि यह इस बात पर जोर नहीं देता कि समाज की भलाई के लिए 'क्या होना चाहिए' बल्कि यह उपागम मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था परिस्थिति में यह बताता है कि राजनीतिक वास्तविकता 'क्या

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

है'। इसका जोर क्या है पर होता है इसलिए डेविड ह्यूम में इसे विश्व का आईना बताया था। यह वर्णनात्मक/विवरणात्मक प्रवृत्ति का है, इसका मुख्य काम वर्णन करना है। एंड्रू हेवुड का मानना है कि विज्ञान आनुभविक ज्ञान पर और अवलोकन पर आधारित है इसलिए राजनीतिक विज्ञान मूल्य मुक्त है। यह अनुभवी वर्णनात्मक है जिसका प्रयोग सरकार, राज्य और उनकी संस्थाओं का वर्णन करने के लिए किया जाता है। माना जाता है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यह उपागम अपनी ऊँचाइयों पर था क्योंकि व्यवहारवाद को बहुत महत्त्व दिया जा रहा था। व्यवहारवाद मानव के अवलोकनीय और मापनीय व्यवहार के अध्ययन से जुड़ा है। इसका प्रयोग डेविड ईस्टन द्वारा राजनीति को और अधिक प्राकृतिक व वैज्ञानिक बनाने के लिए किया गया था। वह राजनीति से दैनिक जीवन के व्यावहारिक अनुभव को जोड़ रहे थे।

इस उपागम के कुछ मुख्य लक्षण इस प्रकार हैं। पहला, इसका काम राजनीतिक घटनाओं की व्याख्या करना, उन्हें क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्थित करना, और इस आधार पर कुछ भविष्यवाणी करना है। दूसरा, यह मानता है कि राजनीतिक सिद्धांत का संबंध समाज में व्यक्तियों, समूहों और संस्थाओं के राजनीतिक व्यवहार का अध्ययन करने से होना चाहिए उनका मूल्यांकन करने से नहीं होना चाहिए। यह राजनीतिक प्रक्रियाओं का भी अध्ययन करता है। इसका मुख्य लक्षण यह है कि इसमें सामाजिक विज्ञान द्वारा विकसित कई धारणाओं को राजनीतिक विज्ञान के अध्ययन के लिए अपनाया है। जैसे शक्ति, विशिष्ट वर्ग, नीति निर्माण, राजनीतिक व्यवस्था और संस्कृति आदि। 1960 के दशक में यह उपागम खोखला पढ़ने लगा क्योंकि यह मात्र विज्ञान और तथ्यों पर ही आधारित था। इसमें मूल्य शामिल नहीं थे। तभी पीटर लासलेट में यह घोषणा की थी की राजनीतिक दर्शन की मृत्यु हो चुकी है और तार्किक प्रत्यक्षवाद का उदय हो गया (Andrew Haywood: 2015)।

1960 के अंतिम दौर में रॉबर्ट नोज़िक, माइकल ओकशॉट, हरबर्ट मार्कयूज़, हन्नाह एरेंट और मेकिंटायर आदि फिर से राजनीतिक दर्शन के पुनरुद्धार में जुट गए (OP Gaba: 2009)।

2.4 समकालीन राजनीतिक सिद्धांत के उपागम

डेविड हेल्ड का मानना है कि राजनीतिक सिद्धांत न तो पूर्ण रूप से राजनीतिक दर्शन पर आधारित है और ना ही पूर्ण रूप से राजनीतिक विज्ञान पर आधारित है। यह इन दोनों का मिश्रण है। क्योंकि ना तो दर्शन और ना ही विज्ञान राजनीतिक सिद्धांत के कार्यक्रम में एक-दूसरे को विस्थापित कर सकते हैं या हटा सकते हैं। एक सफल राजनीतिक सिद्धांत के लिए राजनीतिक मूल्यों के दार्शनिक विश्लेषण और राजनीतिक प्रक्रियाओं और संरचनाओं की आनुभविक समझ होना बहुत जरूरी है। Baubock (2008: 40) वर्णन करते हैं कि अनुभविक शोध को आदर्श सिद्धांतों के जरिए और आदर्शी सिद्धांतों को आनुभविक शोध के जरिए बेहतर किया जा सकता है। यही कारण है कि राजीव भार्गव वर्णन करते हैं, राजनीतिक सिद्धांत का पुनर्जन्म 1960 के दशक में हुआ क्योंकि मूल्यों और तथ्यों का मिश्रण फिर से किया गया।

भीकू पारेख का मानना है कि दोनों उपागमों में अंतर केवल इस बात का है, कि हम राजनीतिक घटनाओं का अध्ययन किस प्रकार करते हैं? जहाँ दर्शन आधारित उपागम उनका मूल्यांकन करता है वहीं, विज्ञान आधारित उपागम उनका वर्णन करता है।

1970 के दशक से नैतिक मूल्यों में राजनीतिक सिद्धांत कारों की फिर से रुचि उत्पन्न हो गई। उन्होंने माना कि

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

राजनीतिक सिद्धान्त में आदर्शी तत्व भी होने चाहिए। डेविड हेल्ड राजनीतिक सिद्धांत को 4 मुख्य विशेषताओं में बताते हुए कहते हैं। पहला, यह आनुभविक है,क्योंकि यह विभिन्न अवधारणाओं की व्याख्या करता है। दूसरा, यह ऐतिहासिक है, अर्थात् राजनीतिक सिद्धांत विभिन्न राजनीतिक धाराओं को ऐतिहासिक संदर्भ में समझाना चाहता है। तीसरा, इसका सामरिक महत्त्व है क्योंकि यह संभावनाओं का मूल्यांकन करता है। और चौथा और अंतिम यह दार्शनिक है, जो नैतिक बनाता है।

2.5 वैकल्पिक प्रश्न

1. किस चिन्तक को राजनीतिक का जनक कहा गया है।

   (अ) अरस्तू (ब) जॉन लॉक

   (स) थॉमस हॉब्स (द) कार्ल मार्क्स

2. लैटिन शब्द ‘Polis’ का अर्थ होता है।

   (अ) शासन (ब) जनता

   (स) नगर-राज्य (द) इनमें से कोई नहीं

3. किस विचारक ने राजनीतिक सिद्धान्त को दो भागों में बाँटा?

   (अ) जॉर्ज कैटलिन (ब) डेविड हेल्ड

   (स) डेविड ह्यूम (द) अरस्तू

4. आनुभविक उपागम की प्रवृत्ति कैसी होती है?

   (अ) निर्देशात्मक (ब) विवरणात्मक

   (स) आदेशात्मक (द) निगमनात्मक

5. आदर्शी उपागम की प्रवृत्ति कैसी होती है?

   (अ) निर्देशात्मक (ब) विवरणात्मक

   (स) निगमनात्मक (द) आदेशात्मक

6. ऐतिहासिक उपागम के अनुसार विचारक के विचार को समझने के लिए किस पर ध्यान देना होगा?

   (अ) सन्दर्भ पर (ब) विचारक पर

   (स) रचना पर (द) सभी पर

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

7. संस्थागत उपागम का संबंध किसके अध्ययन से है?

    (अ) विज्ञान (ब) दर्शन

    (स) राज्य (द) इनमें से कोई नहीं

8. व्यवहारवाद का जनक किसे माना गया?

    (अ) डेविड ह्यूम (ब) डेविड एप्टर

    (स) डेविड हेल्ड (द) एडम स्मिथ

9. राजनीतिक सिद्धान्त को अधिक वैज्ञानिक की पहल का श्रेय किस चिंतन संस्था को जाता है?

    (अ) शिकागो (ब) कैम्ब्रिज

    (स) फ्रैंकफर्ट (द) इनमें से कोई नहीं

10. किसका मानना है कि राजनीतिक सिद्धान्त न तो पूर्ण रूप में दर्शन आधारित हो सकता है और न ही विज्ञान आधारित हो सकता है?

    (अ) डेविड हेल्ड (ब) डेविड ईस्टन

    (स) डेविड ह्यूम (द) डेविड एप्टर

2.6 अभ्यास प्रश्न

1. राजनीतिक सिद्धान्त से क्या अभिप्राय है?
2. राजनीतिक सिद्धान्त के अध्ययन के उपागम क्या हैं?
3. आदर्शी और आनुभविक उपागम में क्या अंतर है?
4. राजनीतिक सिद्धान्तों का पतन क्यों हुआ? इसके पुनः उत्थान का क्या कारण है?
5. क्या राजनीतिक दर्शन और राजनीतिक विज्ञान को विभाजित रखकर राजनीतिक सिद्धान्त को सफल बनाया जा सकता है? तर्क सहित विवरण करें।

2.7 संदर्भ-सूची

- Bhargava, Rajeev and Acharya, Ashok (2008) *Political Theory : An Introduction* (New Delhi :Pearson)
- *Political Theory* (LPU: Laxmi Publications Pvt. Ltd.)
- David Held –'Introduction' in Held, David (2015) *Political Theory and The Modern State: Essay on State, Power,and Democracy* (Jaipur: Rawat Publications)

© DDCE/COL/SOL, University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

- Andrew Haywood 'Political Theory's in Haywood,Andrew (2015) *Political Theory An Introduction* (London: Red Globe Press)
- Andrew Vincent's We Have a Firm Foundation in Vincent, Andrew (2004) *The Nature of Political Theory* (Oxford: Oxford University press)
- Gerry Stoker and David Marsh 'Introduction' in Marsh, David and Stoker, Gerry (ed.) (2015) *Theory and Methods in Political Science* (England: Pal grave Macmillan)
- 'Historical Approach to Study Political Theory' in *magadhmahilacollege.org*
- Grimsley, Shawn (2020) 'Approaches to Political Theory' (*Study.com)*

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

इकाई-3

राजनीतिक सिद्धांत की परम्परा : उदारवाद, मार्क्सवाद, अराजकतावाद और रूढ़िवाद

कोमल

संरचना

3.1 परिचय

3.2 उदारवाद

3.3 उदारवाद में राज्य की भूमिका

- 3.3.1 संविधान और राज्य की शक्तियों पर अंकुश
- 3.3.2 परम्परागत उदारवाद
- 3.3.3 उदारवाद का आर्थिक स्वरूप
- 3.3.4 सामाजिक अस्तित्ववाद

3.4 आधुनिक उदारवाद : परम्परागत उदारवाद में बदलाव

3.5 नव उदारवाद

3.6 मार्क्सवाद

- 3.6.1 समाज
- 3.6.2 ऐतिहासिक भौतिकवाद
- 3.6.3 अर्थव्यवस्था
- 3.6.4 क्रांति
- 3.6.5 राजनीति

3.7 परम्परागत और नव मार्क्सवाद

3.8 अराजकतावाद

- 3.8.1 अराजकतावादी विचारक
- 3.8.2 अराजकतावाद की मान्यताएँ

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

3.9 रूढ़िवाद का संदर्भ
3.9.1 रूढ़िवाद के विभिन्न स्वरूप
3.9.2 रूढ़िवाद का स्वेच्छातंत्रवादी स्वरूप
3.10 नव-अधिकार और रूढ़िवाद
3.11 निष्कर्ष
3.12 अभ्यास प्रश्न
3.13 संदर्भ-सूची

3.1 परिचय

राजनीति शास्त्र में सिद्धांतों को परम्पराओं के रूप में अध्ययन करना अपने आप में दिलचस्प विचार है। दरअसल परम्पराओं के रूप में राजनीतिक सिद्धांतों का अध्ययन ऐतिहासिक विकास, कार्यशैली और सामाजिक बदलावों की विस्तृत समझ प्रदान करने में मदद करता है। यह राजनीतिक सिद्धांतों के कथनों, विश्वासों और ज्ञान के एक समावेशी रूप को पेश करता है। राजनीतिक क्षेत्र के वर्तमान स्वरूप को समझने के लिए आधुनिक समय के चार राजनीतिक सिद्धांत का अध्ययन अनिवार्य है।

इन आधुनिक सिद्धांतों का उद्भव 18वीं शताब्दी के आरंभ से शुरू होता है। जिसकी शुरुआत उदारवादी सिद्धांतों से देखी जा सकती है, इसमें उदारवाद के समानांतर अराजकतावाद एवं रूढ़िवाद का और विरोधाभास में मार्क्सवादी सिद्धांतों का उदय होता है। इन सिद्धांतों की परम्पराओं के बीच पूर्ण आपसी विभाजन के अलावा कुछ साझा मूल्यों को भी देखा जा सकता है। इन सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करने वाली ताकतें आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिघटनाओं की परिणति के रूप में ही सामने आई है। यह अध्याय इन सिद्धांतों की परम्पराओं में मौजूदा घटकों, कारकों और परिस्थितियों के तात्विक आधारों की जाँच को पेश करता है।

3.2 उदारवाद

अंग्रेजी भाषा के शब्द 'लिबेरलिस्म' जिसे हिंदी में उदारवाद के नाम से जाना जाता है। इसकी उत्पति लैटिन भाषा के शब्द 'लिबर' से हुई। लिबर का शाब्दिक अर्थ स्वतंत्र मानव वर्ग से है। (Heywood, 2017: 24) उदारवाद की विचारधारा एक ऐसे समाज को गढ़ने का प्रयास करती है जिसमें व्यक्तिवाद के मूल्यों के साथ प्रतिबद्धता के अलावा समाज में लोगों के हितों और महत्त्वकांक्षाओं को पूर्ण करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

उदारवाद की परम्परा यूरोपीय और ब्रिटिश संस्कृति में भिन्न-भिन्न स्वरूप में उत्पन्न हुई है। जहाँ एक ओर ब्रिटिश उदारवाद में पुरातन और आनुभविक गुणों की विशेषता दिखाई पड़ती है जबकि यूरोपीय उदारवाद फ्रांसीसी पुनर्जागरण और मनुष्य के 'अमूर्त तर्क' के परिणाम (Vincent, 2010: 25) है। उदारवाद की अवधारणा व्यक्तिवाद के मूल्यों,

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

राजनीतिक और नैतिक सिद्धांतों पर टिका हुआ है। उदारवाद अपने सिद्धांत में तर्क को विशेष स्थान देता है।

सिद्धांत के स्तर पर परम्परागत उदारवाद मुख्यतः व्यक्तिवाद के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है। जिसमें सभी व्यक्तियों की समानता और स्वतंत्रता को बनाये रखने का दावा किया जाता है। परम्परागत उदारवाद अक्सर स्वतंत्रता की नकारामक धारणा का प्रतिनिधित्व करता है।

प्रारंभिक स्तर पर उदारवाद न्याय, औपचारिक समानता और समान नागरिकता को बनाये रखने में विश्वास करते हैं। साथ ही क्षमता और योग्यता को आर्थिक व नैतिक आधार पर संसाधनों के वितरण को न्यायोचित मानते हैं।

समाज में सहिष्णुता भी उदारवाद का प्रमुख लक्ष्य है। इस विचार का प्रतिनिधित्व जॉन मिल्टन, जॉन लॉक और जे.एस. मिल जैसे चिंतक करते हैं। इन विचारकों की मतानुसार धार्मिक सहिष्णुता और लोकतंत्र समाज और व्यक्ति दोनों के विकास के लिये आवश्यक है।

3.3 उदारवाद में राज्य की भूमिका

उदारवाद कानून और व्यवस्था को बनाने के लिए राज्य की संरचना और सामाजिक संविदा के सिद्धांत को तय करते हैं। इसकी शुरुआत आधुनिक समय में हाब्स व लॉक के विचारों होती है। सामाजिक संविदा के सिद्धांत में समाज से राजनीतिक सत्ता का निर्माण होता है। जिसमें राज्य केवल तटस्थ भूमिका का निर्वहन करता है। इसमें सरकार का उदय सहयोग और शासितों की सहमति से होता है। राज्य की इस भूमिका पर थॉमस पेन ने 'राज्य को आवश्यक बुराई की संज्ञा' (Heywood, 2017: 43) दी है।

3.3.1 संविधान और राज्य की शक्तियों पर अंकुश

शासन की निरंकुशता पर अंकुश लगाने के लिए सीमित सरकार के विचार को संविधान के जरिये प्रतिपादित किया जा सकता है। उदारवादी राज्य के सन्दर्भ में सरकार की शक्तियों, संस्थानों और जिम्मेदारियों पर बाहरी व कानूनी अंकुश को लिखित स्वरूप में संविधान में दर्ज किया जाता है। सरकार द्वारा शक्तियों का उल्लंघन होने पर जाँच का कार्य सिर्फ संविधान नहीं करता बल्कि अन्य संस्थानों और नेटवर्क के द्वारा भी शक्तियों पर प्रतिबन्ध लगाया जाता है। सरकार की शक्तियों को संतुलित करने के लिए संविधान नागरिक समाज और नागरिकों की स्वतंत्रताओं को भी सुनिश्चित करता है।

3.3.2 परम्परागत उदारवाद

उदारवाद का आरंभिक स्वरूप प्राकृतिक अधिकारों, उपयोगितावाद, आर्थिक उदारवाद और सामाजिक डार्विनवाद की अवधारणाओं पर आधारित है। थॉमस हाब्स एक दुरुस्त सरकार की स्थापना कानून और व्यवस्था व सुरक्षा को बनाये रखने के लिए करते हैं। हालाँकि हाब्स पूर्णतया निरंकुश शासन व्यवस्था की परिकल्पना करते हैं। इस निरंकुश शासन के रूप में हाब्स ने राजतन्त्र की स्थापना की वकालत भी की है। 17-18 वी शताब्दी में लॉक इंग्लैंड में और जेफ़र्सन अमेरिका में मानव होने के नाते कुछ अधिकारों की पहचान करते हैं। इन विचारकों के अनुसार मानवीय अस्तित्व को बनाये रखने के लिए इन अधिकारों को मानव से अलग नहीं किया जा सकता। लॉक ने जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति को मानव के तीन प्राकृतिक अधिकारों के रूप में परिभाषित किया है। इन अधिकारों के अलावा राज्य शांति व्यवस्था को बनाये रखने,

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

बाहरी आक्रमण से सुरक्षा देना और सामजिक संविदा को लागू करने का कार्य करता है। इस के अतिरिक्त राज्य के न्यूनतम हस्तक्षेप की भी वकालत की गयी है। (Heywood, 2017: 44)

शासन की अवधारणा ऐसी नीतियों और संस्थानों के निर्माण पर जोर देती है, जिस से समाज के अधिकतम लोगों के भले को निश्चित किया जा सके। उदारवाद के अनुसार समाज में संस्थानों और कानूनों को परखने का तरीका समाज की अधिकतम ख़ुशी व नैतिकता के आधार पर तय किया जाना चाहिए। जिस से किसी भी कार्यवाही की न्यायोचितता भी सिद्ध हो सके।

3.3.3 उदारवाद का आर्थिक स्वरूप

उदारवाद की उत्पत्ति आर्थिक विकास, औद्योगिकीकरण के विचार से जुड़ा हुआ है। इस विषय पर एडम स्मिथ की कृति *'वेल्थ ऑफ़ नेशन'* (Heywood, 2017: 48) में और डेविड रिकार्डो के द्वारा लिखे लेखों में देखने को मिलता है। परम्परागत उदारवाद में मनुष्य को 'आर्थिक व्यक्ति' की संज्ञा की गयी है। यह अवधारणा बाज़ार की स्वतंत्रताओं, उन्नति और देखरेख के सन्दर्भ में राज्य की भूमिका को अहम मानते हैं। उदारवाद आर्थिक क्षेत्र में राज्य की अहस्तक्षेप की नीति का समर्थन करते हैं।

3.3.4 सामाजिक अस्तित्ववाद

सैमयूल स्माइल्स की पुस्तक *'सेल्फ-हेल्प'* (Heywood, 2017: 48) ने व्यक्तिगत उतरदायित्वों और अहस्तक्षेपवाद जैसे मूल्यों को बढ़ावा दिया। समाज के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग को लेकर रिचर्ड कोबडन ने श्रमिक वर्ग की स्थिति में सुधार की बात की लेकिन उसके लिए श्रमिक वर्ग को स्वयं प्रयास करके आत्म निर्भर होना होगा। इसी के समानांतर हर्बर्ट स्पेंसर ने भी सामाजिक क्षेत्र में 'योग्यतम की उत्तरजीविता' (Survival of the fittest) जैसे सिद्धांत की पैरवी की और धन, सामाजिक ओहदे की असमानता को प्राकृतिक माना।

सरकार की न्यूनतम भूमिका और आर्थिक क्षेत्र में अत्याधिक स्वतंत्रता ने 1930 के दौर में आर्थिक संकट, बेरोजगारी जैसे कई आर्थिक संकटों को जन्म दिया जिसने परम्परागत उदारवादी मूल्यों और स्वतंत्र बाज़ार व्यवस्था पर पुनर्विचार करने को मजबूर किया। इन संकटों ने जॉन मेनार्ड कीन्स 'द जनरल थ्योरी एम्प्लॉयमेंट, इंटरेस्ट एंड मनी' बाज़ार उपायों से बेरोजगारी को दूर कर अर्थव्यवस्था के पुनरुत्थान पर जोर दिया।

3.4 आधुनिक उदारवाद – परम्परागत उदारवाद में बदलाव

परम्परागत उदारवाद के विपरीत आधुनिक उदारवाद राज्य के पूर्ण अहस्तक्षेप के स्थान पर राज्य को हस्तक्षेप और सक्रिय भूमिका में देखता है। आधुनिक उदारवादी विचारकों में मिल, कांट, ग्रीन, एल.टी. हाबहाउस को देखा जा सकता है। यह रूप व्यक्तिवाद के विपरीत सामूहिकता (Freeden, 2015: 132) को अपनाये जाने पर बल देता है। परंपरागत उदारवाद जहाँ आर्थिक उदारवाद पर बल देता है वही आधुनिक उदारवाद सामाजिक पक्ष को अहम मानते हैं।

अहंकारी व्यक्तिवाद के स्थान पर आधुनिक उदारवाद विकासवादी व्यक्तिवाद और बहुलवाद पर जोर देते हैं। इसका अर्थ था कि राज्य मनुष्य को एकांकी के जीवन की स्थिति से अलग मनुष्य के हुनर और क्षमताओं को निखारने में मदद

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

करें। यह अधिकतम उपयोगिता के विपरीत व्यक्तिगत विकास को तवज्जो देते हैं। नकारात्मक स्वतंत्रता के बजाय आधुनिक उदारवादी सकारात्मक स्वतंत्रता को जरुरी मानते हैं। यह नागरिकों पर केवल कानूनी और भौतिक प्रतिबंधों के अतिरिक्त ज्ञान और आत्मपूर्ति के लिए भी स्वंतत्रता के मायनों का विस्तार करते हैं। इस सकारात्मक स्वंतत्रता के विचार का समर्थन टी.एच. ग्रीन, एल.टी. हाबहाउस जैसे विचारकों ने किया।

आधुनिक उदारवाद ने समाजवाद के मूल्यों को अपनाया है। इस के परिणामस्वरूप गरीबी, बीमारी और अज्ञानता को दूर करने के लिए सरकार लोक कल्याणकारी योजनाओं में निवेश करती है। हालाँकि आधुनिक उदारवाद की कल्याणकारी योजनाएँ अवसर की समानता को आगे बढ़ाने और सामजिक उतरदायित्व को सुनिश्चित करने का कार्य करता है।

3.5 नव उदारवाद

नव उदारवादी परम्परागत उदारवादियों की भाँति आर्थिक लाभों को अधिकतम करने पर जोर देता है। (Freeden, 2015: 142) इसमें राजनीतिक संस्थाओं और क्षमताओं में सुधार के साथ-साथ शांति और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को सुनिश्चित करता है। नव उदारवादी कीनेसियन अर्थव्यवस्था से परे कुछ सुधारों पर जोर देता है। नव उदारवाद निजीकरण को बढ़ावा देने, करों और खर्चों में कटौती करने पर बल देता है। इनका मानना है कि बाज़ार व्यवस्था में सामाजिक और आर्थिक समस्याओं को हल करने का सामर्थ्य है। नव उदारवादी विचारक आधुनिक उदारवादियों के स्थान पर परम्परागत उदारवादियों के व्यक्तिवाद, बाजारवाद, आर्थिक तार्किकता और आत्म निर्भरता से प्रेरणा हासिल करते हैं।

नव उदारवाद राज्य-विरोधी विचार का समर्थन करते हैं। क्योंकि नव उदारवादी चिंतक राज्य को दमनकारी और स्वतंत्रता के लिए बाध्यकारी मानते हैं। इस नव उदारवादी अवधारणा का प्रतिपादन फ्रेडरिक हयेक, मिल्टन फ्रीडमैंन, लुद्विग और रोबर्ट नोजिक जैसे विचारकों ने इन अवधारणों के विकास में योगदान दिया है।

नव उदारवादियों की माने तो सरकार का हस्तक्षेप अर्थव्यवस्था में नुकसानदायक है। मिल्टन फ्रीडमैंन ने राज्य की सोच और लोककल्याणकारी भूमिका पर सवाल उठाये हैं। फ्रीडमैंन के अनुसार दरअसल राज्य जिस बेरोजगारी को दूर करने के प्रयासों के नाम पर करों की वसूली करता है अथवा राज्य की भूमिका को अहम मानता है, वह बुनियादी रूप से ही गलत है, क्योंकि बेरोजगारी की एक प्राकृतिक दर बने रहना स्वाभाविक है। मिल्टन के अनुसार वास्तव में इस बेरोजगारी को दूर करना किसी भी सरकार के लिए मुमकिन नहीं है। (Heywood, 2017: 87)

3.6 मार्क्सवाद

मार्क्सवाद की अवधारणा मुख्य रूप से इतिहास की दर्शन पर टिकी है। यह दर्शन पूँजीवाद के विकास को ऐतिहासिक और सामाजिक वैज्ञानिक अध्ययन के रूप में पेश करता है। इतिहास की भौतिक अवधारणा के वैज्ञानिक अध्ययन के कारण एंजेल्स के अनुसार मार्क्स का सिद्धांत अन्य विचारकों से अलग है। मार्क्स ने पुस्तक के रूप में लेखन की शुरुआत 1845 की अपनी पुस्तक *'द होली फमिली'* से की। मार्क्स ने दो क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। उनके अनुसार अर्थव्यवस्था समाज में अलगाव की मुख्य वजह है, भौतिक ताकतों के माध्यम से ही मनुष्य को अर्थव्यवस्था से आज़ाद कराया जा

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

सकता है। (Singer, 2000: 32)

मार्क्सवादी परम्परा में बेहद मजबूत राज्य—विरोधी तत्त्वों को देखा जा सकता है। बाद में लेनिन ने पुस्तक *'स्टेट एंड रेवोलुशन'* 1917 में भी राज्य विरोधी प्रवृतियाँ के संदर्भ में कम्यून आधारित और स्थानीय मजदूरों द्वारा संचालित व्यवस्था की परिकल्पना की है। मार्क्सवादी विचारधारा दरअसल पूँजीवाद के विरोधाभास के रूप में उभरी थी।

3.6.1 समाज

समाज के विकास के परिपेक्ष्य में मार्क्स ने अपनी पुस्तक *'द जर्मन आइडियोलॉजी'* (1860) में समाज के इतिहास का चार चरणों में उल्लेख किया है। (Heywood, 2017: 116) इस सिद्धांत के अनुसार विश्व का विभाजन और सामाजिक-आर्थिक संरचनाओं का विकास आदिम, ग्रामीण, कृषि और वाणिज्यिक जीवन के रूप में एकरेखीय रहा है। पहला, आदिम साम्यवाद अथवा जनजातीय समाज जिसमें संसाधनों की कमी के कारण समाज में संघर्ष होंगे। दूसरा, परम्परागत दास समाज, इसमें मुख्यतः मालिक और दास के बीच मतभेद पूर्ण सम्बन्ध थे। तीसरा, सामंती समाज में जमींदारों और कृषि मजदूरों के बीच विरोधाभास था। और चौथा पूँजीपति समाज में बुजुर्वा और सर्वहारा वर्ग (पूँजीपतियों और मजदूरों) के बीच टकराव पूर्ण रिश्ते रहे। क्रांति के पश्चात् समाजवाद की स्थापना होगी जिसमें सभी संसाधनों पर राज्य का सामूहिक स्वामित्व होगा। हालाँकि समाजवाद में दो वर्गों और राज्य का अस्तित्व रहेगा परन्तु इस समाज में शासित शासन करने और पूर्व में शासन करने वाले शासित होंगे। मार्क्स की अवधारणा में वर्ग की समझ यूरोपीय इतिहास के अध्ययन से प्रेरित है। (Bottomore, 1991: 514)

3.6.2 ऐतिहासिक भौतिकवाद

मार्क्सवादियों के अनुसार भौतिक परिस्थितियाँ मानव जीवन के लिए प्राथमिक है। यही भौतिक परिस्थितियाँ ही मानवीय, सामाजिक और राजनीतिक चेतना को भी निर्धारित करती है। (Vincent, 2010 : 103) यह अवधारणा इतिहास की भौतिक समझ पर आधरित है। ऐतिहासिक भौतिकवाद के अनुसार समाज में वर्ग संघर्ष होना मानवीय इतिहास का हिस्सा रहा है। (Bottomore, 1991 : 238) इसके अनुसार इतिहास की सभी महत्त्वपूर्ण घटनाओं के पीछे शक्तिशाली आर्थिक ताकतों का हाथ रहा है। उत्पादन के साधनों में परिवर्तन से समाज खास तरह के वर्ग में विभाजित हो जाता है। समाज में यह वर्ग आपस में एक दूसरे के साथ संघर्ष शील अवस्था में रहते हैं। (Bottomore, 1991 : 234)

3.6.3 अर्थव्यवस्था

परम्परागत अर्थशास्त्र से मार्क्स कुछ महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर रोशनी डालते हैं। मार्क्स के अनुसार पूँजीपति अपनी संपत्ति मजदूरों के श्रम से बनाते हैं। पूँजीपतियों अधिक-से-अधिक संपत्ति इसलिए बना पाते हैं क्योंकि वे मूल्यों की निश्चित रकम अपने पास रखते हैं। पूँजी कुछ और नहीं बल्कि श्रम का संचयन है। 1859 में *'अ कॉन्ट्रिब्यूशन टू द क्रिटिक ऑफ़ पोलिटिकल इकॉनमी'* में मार्क्स लिखते हैं कि सामाजिक चेतना और कानूनी व राजनीतिक संरचनाएँ का आधार आर्थिक व्यवस्थाएँ होती है। इन आर्थिक आधारों का असर राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और जीवन के अन्य पहलू पर भी दिखाई देता है।

मार्क्स की पूँजीवादी आलोचना अलगाववाद की धारणा पर आधारित है। अलगाववाद को आज के समय में

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

मार्क्सवाद की केन्द्रीय अवधारणा के रूप में जाना जाता है। अलगाववाद के विषय में मार्क्स अपनी पुस्तक *'द जर्मन आइडियोलॉजी'* में लिखते हैं। (Heywood, 2017: 116) इस पुस्तक में अलगाववाद के चार चरणों का जिक्र किया गया है—

मजदूरों का उत्पाद से अलगाव : अक्सर पूँजीवादी उद्योगों में मजदूर ऐसे उत्पादों का निर्माण करते है, जिसे वे स्वयं के उपभोग के लिए नहीं बल्कि बाज़ार व्यवस्था से लाभ को अर्जित करने के उद्देश्य से निर्मित होती है।

श्रम प्रक्रिया से अलगाव : मजदूरों को अधिकतर पर्यवेक्षक के अधीन कार्य करना होता है। उद्योगों में तकनीकी कार्य के लिए योग्यता, एकग्रता और कार्य की समय सीमा श्रमिक प्रक्रिया को नीरस बना देती है। जिसमें किसी प्रकार की रचनात्मकता संभव नही हो पाती।

सह कर्मियों से अलगाव : कार्य का सामाजिक न होने के कारण अक्सर मजदूरों में स्वार्थ की भावना देखी जाती है। इसमें सहयोग के स्थान पर प्रतिस्पर्धात्मक कार्य प्रणाली होने के कारण मजदूरों के बीच भी अलगाव होता है।

मजदूरों का स्वयं से अलगाव : पूँजीवाद मजदूरों के लिए ऐसे माहौल को बनाता है। जिस से मजदूर एक वस्तु की भाँति कार्य करता है। कम वेतन और ओवरटाइम करने की वजह से अक्सर मजदूर स्वयं के परिवार और विश्राम के पलों से दूर हो जाते हैं।

3.6.4 क्रांति

मार्क्स के अनुसार शोषण और अलगाववाद ही पूँजीवाद में क्रांतिकारी परिवर्तन का मुख्य कारण बनेंगे। इस में व्यक्ति उत्पादक के रूप में समाज के खिलाफ स्वयं को दमन और उत्पीडन से मुक्त करने के संघर्ष करेगा। इसी कारण यह परिवर्तन नैतिक होगा। यह परिवर्तन बिना संपत्ति को खत्म हुए संभव नहीं है। 1852 में जोसेफ वेय्देमेयेर को लिखे पत्र में मार्क्स ने कहा कि यह वर्ग संघर्ष सदैव नहीं बने रहेंगे। वर्ग-संघर्ष के जरिये समाज से इन विभाजनों को हटाया जा सकता है। मार्क्स की माने तो शोषण का मुख्य आधार समाज में फैली 'झूठी चेतना' है। जिसे दूर करने के लिए मजदूरों के बीच वर्ग चेतना का होना बेहद जरुरी है। (Mukherjee et al., 2019: 448)

3.6.5 राजनीति

मार्क्स ने अपनी पुस्तक कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो में 1848 के दौरान राज्य की भूमिका पर चर्चा की। मार्क्स के अनुसार पूँजीपति राज्य को यंत्र की भाँति प्रयोग करते हैं। इसके कारण पूँजीपतियों और राज्य के बीच का सम्बन्ध यांत्रिक होता है। इसमें राज्य केवल आर्थिक रूप से प्रभुत्वशाली वर्ग के अधीन कार्य करेगा। इस प्रकार की स्थिति में आर्थिक रूप से संपन्न वर्ग अन्य वर्गों के हितों का दमन करते हुए अपने हितों को साधते हैं।

1851 के दौरान फ्रांस में नेपोलियन-III के स्थान पर बोनापार्ट राज्य की स्थापना हुई। मार्क्स ने राज्य की बदलती हुए प्रवृतियों पर गौर किया। बोनापार्ट राज्य की इन बदलती प्रवृतियों को मार्क्स ने अपनी पुस्तक 'द ऐतिन्थ बुरुमैर ऑफ़ लुइस बोनापार्ट' दर्ज किया। (Wolff & Leopold, *Karl Marx* 2020) दरअसल राज्य की इस भूमिका को मार्क्स 'वर्ग संतुलन' का नाम देते हैं। इस मॉडल के अनुसार राज्य पूँजीपतियों और मजदूरों से अलग एक निष्पक्षता की भूमिका का

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

दावा पेश करता है। ऐसी स्थिति में राज्य स्वायत्त रहकर दोनों वर्गों से दूरी बनाते हुए अपने हितों का प्रतिनिधित्व करता है। हालाँकि इस परिस्थिति में भी राज्य पूँजीपतियों के हितों का निर्वहन ही करते हैं। परंतु अब यह पूँजीपतियों का राज्य की नीतियों पर प्रभाव डालना केवल एक कारक की भाँति ही कार्य करता है।

3.7 परम्परागत और नव मार्क्सवाद

परम्परागत मार्क्सवाद में दो मुख्य चरणों को देखा जा सकता है। पहला, इस समूह में द्वितीय अंतरराष्ट्रीय संगठन के सिद्धांतकारों जिसमें कार्ल कौटसकी और प्लेखनेव जैसे लोग शामिल थे। बाद में यह कार्यकारी संगठन के रूप में उभरी जिसमें रोसा लक्समबर्ग, लेनिन और लियोन ट्रोट्स्की जैसे लोग शामिल थे। इस समूह के परिणाम स्वरूप कम्युनिस्ट इंटरनेशनल 1919 में स्थापित किया गया। (Heywood, 2017: 119)

20वीं सदी में साम्यवादी क्रांतिकारियों ने विशेष रूप से राजनीतिक सत्ता को जीतने पर ध्यान केन्द्रित किया। हालाँकि साम्यवादी क्रांति उस परिस्थिति और प्रणाली में नहीं हुई जिसकी कल्पना मार्क्स ने की थी। उदाहरण के रूप में क्रांति रूस और चीन जैसे देशों में हुई जो कृषि आधारित अर्थव्यवस्था थी। जबकि मार्क्स ने क्रांति की कल्पना पश्चिमी यूरोप के विकसित पूँजीवादी देशों के लिए की थी।

लेनिन ने क्रांति के विचार और वर्ग चेतना को सुनिश्चित करने के लिए एक क्रान्तिकारी पार्टी को स्थापित करने पर जोर दिया। यह पार्टी लोकतान्त्रिक विकेंद्रीकरण के सिद्धांत पर आधारित थी। हालाँकि यह विचार शीघ्र ही एक दल की तानाशाही में बदल गया और इसने बाकी अन्य सभी दलों का दमन करना शुरू कर दिया।

नव मार्क्सवादियों ने वर्ग विश्लेषण पर पुनर्विचार करने पर जोर दिया। इनके अनुसार परम्परागत मार्क्सवाद केवल दो वर्गों के विश्लेषण तक सीमित है। नव मार्क्सवादी आधार और संरचना के बीच के संकीर्ण सम्बन्ध को तोड़ने में भी सफल रहे है। (Heywood, 2017: 121) ग्राम्सी ने इस विषय में लिखा कि पूँजीपति केवल असमान आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के जरिये ही शासन नहीं करते बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप में बुजुर्वा प्राधान्यता 'हेजेमनी' के जरिये भी शासन करते हैं।

बाद में नव मार्क्सवादियों में थियोडोर अड्नोरे, मैक्स होर्खेइम, हर्बर्ट मरकुस जैसे चिंतकों ने फ्रंफुर्ट स्कूल या आलोचनावाद के विचार की भी स्थापना की।

3.8 अराजकतावाद

अराजकतावाद की परम्परा राज्य को वास्तविक बुराई, मानवीय स्वाभाव को अच्छा और समाज को प्राकृतिक संस्था के रूप में देखते हैं। इस शब्द की उत्पति ग्रीक भाषा के शब्द 'अनार्किया' से हुई है। जिसका अर्थ था किसी शासक का न होना। इस परम्परा का विश्वास है कि मनुष्य आपसी सहयोग से न्यायपूर्ण समाज की स्थापना करने में समर्थ है। अराजकतावाद इस दिशा में समाज को राज्य के बलपूर्वक शक्तियों के बिना संगठित करने का प्रयास करता है। यह अवधारणा समाज में न्याय की स्थापना को तभी संभव मानती है, जब सरकार को पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से समाप्त

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

कर दिया जाये। दूसरे शब्दों में अराजकतावाद का उद्देश्य राज्य और सभी प्रकार की राजनीतिक सत्ता को उखाड़ फेंकना है। संक्षेप में अराजकता तीन आधारभूत अवधारणाओं पर आधारित है।

- यह एक गैर-बाध्यकारी व पदसोपनीय व्यवस्था के विरुद्ध वैकल्पिक व्यवस्था स्थापित करता है।
- इस व्यवस्था को परम्परागत राज्य यंत्रों के बिना हासिल किया जाता है।
- इसमें सदस्य स्वेच्छा से भागीदारी करते हैं।

3.8.1 अराजकतावादी विचारक

प्राचीन विश्व में अराजकतावाद की अवधारणा का इतिहास एपिकुरेंस और स्यनिक्स की विचारधारा में देखने को मिलता है। एपिकुरेंस और स्यनिक्स मनुष्य को राजनीतिक गतिविधियों और राजनीतिक जीवन से पीछे हटकर शांति को स्थापित करने के लिए स्वनियंत्रण को महत्त्वपूर्ण मानते हैं। स्यनिक्स के विचार एक राष्ट्र और भू-भाग विशेष से परे सार्वभौमिकता के मूल्यों की पैरवी करते हुए दिखाई पड़ते हैं।

हालाँकि अराजकतावादी सिद्धांतों में एक रूपता दिखाई नहीं पड़ती यही वजह है कि कई विचारकों ने भिन्न-भिन्न स्वरूप में अराजकतावाद की वकालत की है। आधुनिक समय में विलियम गोडविन अराजकता के विचार का प्रतिपादन करने वाले प्रथम विचारक के रूप में देखे जा सकते हैं। इन्होंने अराजकतावाद पर काफी विस्तार से लिखा। (Philp, *William Godwin* 2021)

गोडविन ने अपनी पुस्तक *'इन्क्वारी कांसर्निंग पोलिटिकल जस्टिस'* (1793) में लिखा है कि मनुष्यों में असमानता समाज की परिस्थितियों के कारण व्याप्त है। वर्ग विभेद, राष्ट्रीयता, भू-भाग व आक्रामक गतिविधियाँ इन असमानताओं के मुख्य कारक है। ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण सामाजिक संस्थानों के स्थान पर मानव के प्राकृतिक अधिकारों का पुनर्स्थापित किया जाना अनिवार्य है।

अराजकता की झलक मिखाइल बकुनिन के विचारों में देखने को मिलती है। बुकानिन ने अराजकता को अंतरराष्ट्रीय क्रांतिकारी आन्दोलन के रूप में स्थापित किया है। (Bottomore, 1991 : 44) मिखाइल बुकानिन ने हिंसात्मक संघर्षों और आतंकी कार्यक्रमों के जरिये क्रांतिकारी बदलाव लाने की इच्छा जाहिर की है। इस क्रांतिकारी परिवर्तन के द्वारा बुकानिन सभी राजनीतिक, आर्थिक और धार्मिक संस्थाओं को तुरंत निलंबित कर स्वच्छंद व स्वतंत्र संघ का निर्माण करने पर जोर देते हैं। इन स्वतंत्र संघों से सभी को समान अधिकार और विशेषाधिकार के साथ-साथ अलग होने का भी अधिकार होगा।

3.8.2 अराजकतावाद की मान्यताएँ

अराजकतावाद राज्य-विरोधी और स्वेच्छाचारी संगठन (Gabardi, 1986: 300) इस विचार का प्रतिनिधित्व स्टीनर के विचारों में देखने को मिलता है। स्टीनर ने मानव के दो दुश्मनों की पहचान की। स्टीनर के अनुसार यह दुश्मन राज्य और मैं (State & I) हूँ। (Guérin et al., 1970 : 30) स्टीनर की माने तो सभी राज्य तानाशाह है चाहे यह राज्य एक व्यक्ति हो अथवा व्यक्तियों का समूह द्वारा संचालित हो। राज्य सामान्य उद्देश्यों के लिए व्यक्ति पर नियंत्रण, प्रतिबंध या

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

दमन के लिए कार्य करता है।

अराजकतावादियों के अनुसार हर प्रकार की शासन व्यवस्था अपने आप में समस्यापूर्ण है। इस लिहाज़ से 'प्रतिनिधित्व व्यवस्था' केवल शासित अभिजात वर्ग के निरंतर अस्तित्व को बनाने और सुरक्षित जारी रखने का एक तरीका मात्र है। प्रौन्धों के नज़रिये में 'लोकतंत्र कुछ और नहीं केवल संवैधानिक तानाशाह है'। (Guérin et al., 1970: 32)

परस्पर सहायता

विचारों की कड़ी में पी.जे. प्रौन्धों पहले ऐसे विचारक थे, जिन्होंने स्वयं को अराजकतावादी पुकारा। प्रौन्धों ने *'व्हाट इज प्रॉपर्टी'* (1840) में 'संपत्ति को चोरी माना' है। प्रौन्धों के अनुसार समाज एक प्राकृतिक संस्था है। और मानव एक सामाजिक प्राणी होने के नाते सभी मनुष्यों के साथ पारस्परिक सहयोग के लिए झुके हुए हैं।

पीटर क्रोपोत्किन ने अपने लेखन *'म्यूच्यूअल ऐड : अ फैक्टर ऑफ़ इवोल्यूशन'* में सामाजिकता को सभी परिस्थितियों में बेहतर मानता है। खास तौर पर प्राकृतिक अवस्था को जिसमें मानव जीवन के संघर्ष में असल मानव के विकास का अवसर होता है। क्रोपोत्किन के अनुसार मनुष्य यदि राज्य और कानून से भ्रष्ट नहीं हुए होते तो ऐसी परिस्थिति में लोग सामाजिक एकजुटता के जरिये सरकार की आवश्यकता को ही खत्म कर देते। (Avrich, 2021)

पदसोपनीयता का विरोध

अराजकतावाद मुख्य रूप से पदसोपनीय व्यवस्था और प्रभुत्व का विरोध करती है। यह परम्परा ऐसे राज्यविहीन समाज की कल्पना करती है जहाँ मानव आपसी सहयोग से कार्य कर सके। चूँकि अराजकतावादियों के अनुसार मानव स्वभाव से नैतिक होते हैं। ऐसी स्थिति में मानव शासक और नेता के बिना लाभकारी और शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर सकता है। हालाँकि मानव स्वभाव को लेकर सभी राजनीतिक चिंतकों के बीच एक राय नहीं रही है। गोडविन ने मानव स्वभाव को तार्किक भलाई और मैक्स स्तिर्नेर ने चेतना के अहंभाव के रूप में दर्शाया है। कुछ चिंतकों ने राज्य की इस पदसोपनीयता को शोषणकारी माना है, जिसमें राज्य कर के माध्यम से व्यक्ति की संपत्ति में हिस्से की दावेदारी पेश करता है। इस परम्परा का एक भाग राज्य को विध्वंसक की संज्ञा भी देता है। जिसमें राज्य भू-भाग के विस्तार के लिए व्यक्तियों का प्रयोग युद्ध में करते हैं।

प्राकृतिक व्यवस्था

जहाँ एक ओर थॉमस हाब्स और लॉक जैसे राजनीतिक चिंतकों ने मानव स्वभाव को लालची और आक्रामक होने के कारण प्राकृतिक अवस्था को अशांतिपूर्ण व असुरक्षित माना है। समाज में शांति और व्यवस्था के लिए कानून को आवश्यक माना है। गोडविन इसके ठीक विपरीत तर्क करते हैं कि मनुष्य तार्किक होने के साथ ही शिक्षा के द्वारा सत्य और सार्वभौमिक नैतिक कानून के अनुसार निर्णय लेने में समर्थ है।

दूसरा, अराजकतावादी प्राकृतिक व्यवस्था में सामाजिक संस्थाओं को सकारात्मक मानवीय क्षमताओं के विकास के लिए बेहतर मानते हैं। परिणामस्वरूप सामूहिक अराजकतावादी इस के लिए साझा संपत्ति या आपसी संस्थाओं पर जोर

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

देते हैं जबकि व्यक्तिवादी अराजकतावादी बाज़ार व्यवस्था को समर्थन देते हैं।

पादरीवाद का विरोध

अक्सर अराजकतावादियों यह विश्वास करते हैं कि धर्म और राजनीति के बीच सम्बन्ध है। प्रौन्धों और बुकानिन ईसाईयत के विरोध के जरिये ही मनुष्य को वास्तव में स्वतंत्र और आत्मनिर्भर मानते हैं। इस विरोध के कई कारण रहे है जैसे धर्म एक प्रकार के नैतिक व्यवहार को व्यक्तियों पर थोपता है। जिस से व्यक्ति की नैतिक स्वायत्ता और निर्णय लेने की क्षमता बाधित होती है। अराजकतावादी मानव स्वभाव की आध्यत्मिकता को स्वीकार कर सभी प्राणियों के स्वविकास के विचार से मानवता को एकजुट करने को आवश्यक मानते हैं।

आर्थिक स्वतंत्रता

बुकानिन की अवधारणा में राजनीतिक शक्ति और संपदा अवियोज्य (Inseperable) है। (Heywood, 2017: 145) बुकानिन ने समाज को तीन हिस्से विभाजित कर के पेश किया है। पहला बहुसंख्यक जिनका शोषण होता है। दूसरा अल्प संख्यक जो शोषित होते हैं लेकिन अन्यों का भी शोषण भी उसी प्रकार करते हैं। तीसरा, उच्च प्रशासक वर्ग जो शोषणकारी व दमनकारी अल्पसंख्यक समूह है। पूँजीवाद और राज्य के उन्मूलन के लिए उन्नीसवीं शताब्दी के अराजकतावादियों ने पीड़ित जनता के नाम पर सामाजिक क्रांति लाने की बात को तवज्जो दिया है। आर्थिक विमर्श पर अराजकतावाद दो विचारों के समूह में विभाजित है। सामूहिक अराजकतावादी सहयोग और सामूहिक स्वामित्व का पक्ष लेते हैं। इनका मत है कि पूँजीवाद वर्ग शोषण और संरचनात्मक अन्याय को बढ़ावा देते हैं। इस व्यवस्था से पार पाने के लिए क्रांति के जरिये राजनीतिक परिवर्तन लाना होगा। दरअसल इनका मत है कि मनुष्य की परम क्षमताओं का विकास राज्य के बिना ही हो सकता है। दूसरी ओर व्यक्तिवादी अराजकतावादियों का समूह है जो बाज़ार और निजी संपत्ति का समर्थन करते हैं। व्यक्तिवादी अराजकतावाद अहंभाव और स्वार्थ पर केन्द्रित अवधारणा को पेश करते हैं। इस में सरकार की सीमित भूमिका पर जोर दिया जाता है। इनके अनुसार व्यक्ति की समस्याओं को मनुष्य की तार्किकता से एक बेहतर विमर्श और बेहतर विमर्श बेहतर सुझावों संभव बना सकती है।

अराजकतावाद को स्थापित करने के **तीन मुख्य सुझावित मार्ग** है।

एक, क्रांतिकारी हिंसा के माध्यम से जिसमें डर और भय के माहौल को बनाते हुए अराजकता को स्थापित किया जाये। जिसमें जनता के बीच क्रांतिकारी विचार को प्रसारित करते हुए जनता को विद्रोह के लिए तैयार किया जाये।

दो, प्रत्यक्ष कार्यवाही लोकलुभावन आंदोलनों और प्रत्यक्ष राजनीतिक कार्यवाही में हिस्सेदारी तय करना। इस में विकेंद्रीकृत निर्णय निर्माण की भागीदारी को सुनिश्चित किया जाता है।

तीन, आधुनिक समय के अराजकतावादियों ने अराजक शांतिवाद पर ध्यान केन्द्रित किया। अराजक शांतिवाद में विश्वास करने वाले अहिंसा को आकर्षक रणनीति के तौर पर देखते हैं जिस से अधिकतर लोगों को जोड़ पाना संभव है। इस में मानव को नैतिक और स्वायत मानते हुए अहिंसा को बेहतर राजनीतिक विकल्प के तौर पर माना गया है।

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

3.7 रूढ़िवाद का संदर्भ

राजनीति में रूढ़िवाद की परम्परा का उदय अठारहवीं शताब्दी के अंत और उन्नीसवीं शताब्दी के आरंभ से देखा जा सकता। इस राजनीतिक परम्परा का उदय मुख्यतः यूरोप में उग्र सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन के विरोध में हुआ था। यह सिद्धांत फ्रांसीसी क्रांति और पाश्चात्य देशों के आधुनिकीकरण के विरोध में प्रतीक के रूप में उभर कर सामने आई। रूढ़िवाद शब्द का प्रथम प्रयोग उन्नीसवीं के दौरान हुआ। सरल शब्दों में रूढ़िवाद सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तनों के प्रति संदेहास्पद नज़रिये से देखता है, और हो रहे परिवर्तनों को अस्वीकार करता है। यह परम्परा क्रमिक परिवर्तन, निरंतरता और स्थायित्व में विश्वास रखती है। इस कारण रूढ़िवाद वैचारिक रूप से परंपरागत संस्थानों और व्यवहार को बनाये रखने के विचार का समर्थन करता है।

रूढ़िवाद समाज की जैविक अवधारणा पर बल देता है, जिसमें सभी सदस्य एक दूसरे के साथ निकटता से जुड़े होने के साथ-साथ एक दूसरे पर निर्भर भी होते हैं। रूढ़िवाद की परम्परा व्यक्ति के स्वतंत्र अस्तित्व में विश्वास नहीं करता।

रूढ़िवादी को अक्सर यूरोप के अर्ध-सामंती कृषक अभिजात वर्ग के पतन के विरोध में उभरी परम्परा के रूप में परिभाषित किया जाता है। यही वजह है कि रूढ़िवाद की परम्परा को ऐतिहासिक रूप से एक विशेष सामाजिक, आर्थिक परिघटना का परिणाम माना जाता है। अमूमन रूढ़िवाद को एक ऐसी अस्थायी ऐतिहासिक घटना के संदर्भ में देखा जाता है जिसमें एक सामाजिक और आर्थिक वर्ग पतन की ओर आगे बढ़ रहा था।

रूढ़िवाद के विचार में थॉमस हाब्स, एडमंड बर्क, एफ़.ऐ. हेयक, माइकल ओकशोट, इरविंग क्रिस्टोल, रोबर्ट नोज़िक जैसे सिद्धांतकार शामिल है।

रूढ़िवाद की आधारभूत मान्यताएँ कुछ इस प्रकार है—

1) **परम्पराएँ :** रूढ़िवाद मुख्यत: 'संरक्षण की इच्छा' पर ज़ोर देता है। जिसमें परम्पराओं के गुणों, स्थापित रीति-रिवाजों और संस्थानों को बनाये रखने पर जोर दिया जाता है। यह परम्परा क्रमिक परिवर्तन, निरंतरता और स्थायित्व में विश्वास रखती है। इसीलिए रूढ़िवाद वैचारिक रूप से परंपरागत संस्थानों और व्यवहार को बनाये रखने का समर्थन करता है। रूढ़िवाद के अनुसार इन परम्पराओं को आने वाली पीढ़ियों के लाभ और संरक्षण के लिए बचाये जाने की आवश्यकता है। वास्तव में रूढ़िवादियों की माने तो परम्पराएँ ही सामाजिक और ऐतिहासिक पहचान का एहसास कराती है। (Heywood, 2017: 35) एडमंड बर्क ने रूढ़िवाद में परम्पराओं की भूमिका पर प्रकाश डाला है।

2) **मानव की अपूर्णताएँ :** रूढ़िवादी मानवीय स्वभाव की स्वतंत्र छवि को नकारते हैं। रूढ़िवादियों का मानना है कि मानव में कई मानवीय अपूर्णताएँ है, जैसे मनुष्य की सीमितता, निर्भरता और सुरक्षा की इच्छा। स्वार्थ, लालच और शक्ति की भूख के कारण मानव नैतिक रूप से भ्रष्ट होते हैं। अपनी इच्छा आकांक्षाओं से घिरे होने के कारण अक्सर मनुष्य स्वार्थी, अतार्किक, हिंसक और अराजक होते हैं। अपराध, अव्यवस्था के लिए भी मानव व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार है। संशयवादी रूढ़िवादियों का तो यहाँ तक मानना कि मानवीय इतिहास ही बुराइयों से भरा हुआ है। (https://www.britannica.com/topic/conservatism/General-characteristics)

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

3) **अवयववाद (Organicism) :** अवयववाद के जरिये रूढ़िवाद समाज को एक हिस्से के रूप में न देखकर सम्पूर्णता और जीवंत रूप में परिभाषित करता है। समाज का निर्माण एक प्राकृतिक आवश्यकता के रूप में विभिन्न संस्थानों और सामाजिक ताने-बाने के बीच हुआ है। जिसमें साझा मूल्य और समान संस्कृति के माध्यम से ही समाज में सामाजिक सौहार्द्र को बनाये रखा जा सकता है।

4) **पदसोपनीयता :** रूढ़िवादी दृष्टिकोण में जैविक/ अवयवी समाज (Organic society) में सामाजिक स्थिति और रुतबा में पदक्रम का होना सामान्य बात है। जाहिर तौर पर पदसोपनीयता समाज में भूमिकाएँ और उतरदायित्वों को भी विभाजित करता है। रूढ़िवाद की माने तो इससे किसी प्रकार का मतभेद उत्पन्न नहीं होता बल्कि समाज कुछ सांझी बाध्यताओं (Obligation) और पारस्परिक दायित्वों से बंधा हुआ होता है। समाज में इन कार्यों का विभाजन पूर्णतया भाग्य पर आधरित है। ऐसे में भाग्यशाली और संपन्न लोगों का एक दायित्व दुर्भाग्य से घिरे हुए लोगो के प्रति बनता है।

5) **सत्ता :** रूढ़िवादियों ने सत्ता के ऊपर से नियंत्रण पर भी बल दिया। इस सत्ता के नेतृत्व, अनुभव, दिशानिर्देश का कार्य कुछ खास लोगों को सौंपा गया ताकि शिक्षा, अनुभव और ज्ञान के अभाव से जूझ रहे लोगों को हितों का संरक्षण किया जा सके। हालाँकि इस प्राकृतिक अभिजात स्वरूप को बनाये रखने में सत्ता सामाजिक एकजुटता में लोगों की पहचान और उनके अपेक्षित कार्यों का सामान्यीकरण करती है। मनुष्यों को नियंत्रित करने के लिए परिवारों, चर्च, और स्कूलों को महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। मनुष्य के वर्तमान हुनर, नैतिकता, व्यवहार और सांस्कृतिक विरासत विशेष रूप से उसके समाज का इतिहास सब कुछ पूर्वजों की देन है। इन सभी के मध्यनज़र सरकारों को कानून के माध्यम से मनुष्य पर लगाम कसने की जरूरत है।

6) **संपत्ति :** रूढ़िवादियों के मतानुसार संपत्ति की हकदारी का होना बेहद आवश्यक है क्योंकि संपत्ति ही व्यक्ति को सुरक्षित बनाती है। रूढ़िवादियों के अनुसार व्यक्ति की संपत्ति ही कानून और अन्यों मनुष्य की संपत्ति का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह संपत्ति अधिकार के साथ-साथ उतरदायित्व भी है। जिसे पूर्वजों से संपत्ति के रक्षक के रूप में प्राप्त कर भविष्य की पीढ़ियों को मूल्य के रूप में सौंप दिया जाता है।

रूढ़िवाद के विभिन्न स्वरूप

सत्तावादी रूढ़िवाद : रूढ़िवाद समूह सत्ता की अवधारणा पर विशेष बल देता है। यह गुण आधुनिक रूढ़िवादियों में भी देखने को मिलता है। भले ही आधुनिक रूढ़िवादी स्वयं को लोकतांत्रिक उदारवादी मूल्यों को समर्थक जताने की कोशिश करें लेकिन आज भी आधुनिक उदारवादियों का समूह सत्तावाद की ओर झुका हुआ है। 1789 की क्रांति के समय भी सत्तावादी रूढ़िवाद परंपरागत रूढ़िवाद के स्थान पर प्रतिक्रियात्मक (Reactionary) की रूप धारण कर सत्ता के पक्ष की पैरवी शुरू की।

रूस में जार निकोलस ने फ्रांसीसी क्रांति के 'स्वतंत्रता, समानता व भ्रातृत्व नारे के विरुद्ध 'रूढ़िवाद, निरंकुशता और राष्ट्रवाद' के सिद्धांत को बुलंद किया। निकोलस के उत्तराधिकारियों ने भी संविधान और संसदीय संस्थानों के विकास द्वारा जार की शक्तियों पर लगने वाले प्रतिबंधों की नकार दिया। जर्मनी में संवैधानिक सरकार का तो विकास हुआ लेकिन बावजूद इसके संवैधानिक सरकार एक अपमान की तरह से ही देखा गया। कैथोलिक देशों में धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक

©DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

विचारधारा के उदय को पोप समाज ने एक हमले की तरह देखा अफ्रीका, एशिया, मध्य पूर्वी देशों में रूढ़िवाद ने अमूमन राष्ट्रवाद का रूप धारण किया।

पितृसत्तात्मक रूढ़िवाद

रूढ़िवाद की यह धारा मूल्यों को बचाये रखने के लिए अनुभवों और व्यावहारिकता के अनुरूप कार्य करने की सलाह देते हैं। एडमंड बर्क रूढ़िवाद को सावधानी, शालीनता, व्यवहारमूलकता (Pragmatic) की संज्ञा देते हैं। बर्क ने फ्रांसीसी क्रांति को प्राकृतिक या अपरिहार्य माना है। साथ ही रूढ़िवाद की यह शाखा व्यक्ति और राज्य के सिद्धांत के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करती है।

डिजरायली : एकीकृत रूढ़िवादी राष्ट्र

एक राष्ट्र रूढ़िवाद की परम्परा का संबंध डिजरायली के विमर्श में देखा जा सकता है। (Freeden et al., 2015) डिजरायली समाज की आर्थिक असमानता को क्रांति के बीज के रूप में देखते हैं। इंग्लैंड का अमीर और ग़रीब दो राष्ट्रों में विभाजन के खतरे पर डिजरायली ने अपने उपन्यास कोनिंग्स्ब्य (1844) और सिबिल (1845) में विस्तार से लिखा है। यह शाखा समाज में अमीर वर्ग का गरीब वर्ग के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व को पहचान करता है। डिजरायली की माने तो समाज में पदसोपनीयता, संपत्ति और ओहदे की असमानता प्राकृतिक है। इसमें साधन संपन्न लोगों को अपने सामाजिक दायित्वों का वहन करते हुए सम्मानित और शालीनता का व्यवहार करने की नसीहत देते हैं।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में डिजरायली के विचारों से प्रभावित ब्रिटेन में रैन्डोल्फ चर्चिल ने 'अनुदारपंथी लोकतंत्र' के जरिये परम्परागत संस्थानों की आवश्यकता पर बल दिया। (Heywood, 2017: 76) इस कड़ी में हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स, चर्च और राजतंत्र जैसे संस्थानों के माध्यम से जन समर्थन का विस्तार किया गया। इसके लिए मजदूर वर्ग के हित में कल्याणकारी योजनाओं का भी सहारा लिया गया। इस प्रकार रूढ़िवाद ने आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाने की शुरुआत की। आधुनिकता के बावजूद भी एक राष्ट्र रूढ़िवाद का विचार पदसोपनीयता को समाप्त नहीं अपितु और अधिक दृढ़ करता है।

3.9.2 रूढ़िवाद का स्वेच्छातंत्रवादी स्वरूप

वैसे तो रूढ़िवाद पूर्व-औद्योगिकता के मुख्य विचार मसलन जैविकता, पदसोपनीयता और कर्त्तव्यपरायणता जैसी परंपरागत उदारवादी अवधारणा से प्रेरित है। उदारवादी अधिकतम स्वतंत्रता के साथ सरकार के न्यूनतम सामाजिक हस्तक्षेप का समर्थन किया जाता है। स्वेच्छातंत्रवादी रूढ़िवाद का यह मानना था कि परम्परागत रूढ़िवाद और उदारवादी अर्थव्यवस्था के साथ सत्ता, कर्त्तव्य जैसे मूल्यों पर अधिक सुसंगत है। हालाँकि स्वेच्छातंत्रवादी रूढ़िवाद आर्थिक व्यक्तिवाद और व्यापार से सरकार के पीछे हटने का समर्थन करते हैं परन्तु व्यक्ति स्वतंत्रता के सामाजिक पहलू के विस्तार को लेकर तैयार नहीं दिखाई देते। यह मानव स्वाभाव के लिए निराशावादी रवैया रखते हैं। स्वेच्छातंत्रवादी रूढ़िवाद मुक्त बाजार के सिद्धांत का समर्थन भी केवल सामाजिक व्यवस्था को बनाये रखने के लिए करते हैं। साथ ही बाजारवाद के आने से एक सामाजिक अनुशासन भी कायम हो सकेगा, जिसमें पुलिस व कोर्ट जैसी संस्थाओं की स्थापना हो सकेगी।

©DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

3.10 नव-अधिकार और रूढ़िवाद

1945 के दौरान व्यावहारिक (Pragmatic) और पितृसत्तात्मक विचारों का अधिक प्रभाव देखा जा सकता था। रूढ़िवाद को अलगाववादी राजनीति के रूप में दक्षिण पंथियों ने अपनाया। इन अवधारणाओं के जरिये रिपब्लिकन पार्टी ने राष्ट्रपति पद के लिए प्रचार किया गया। इस में डगलस मैकआर्थर, बैरी गोल्ड्वाटर, रोनाल्ड रीगन, जॉर्ज बुश जैसे राष्ट्रपति शामिल है। 1950 और 1960 के दशक में रूढ़िवादी रणनीतियों का प्रयोग वामपंथियों के खिलाफ किया गया। 1970 के दौरान सत्तात्मक रूढ़िवाद पुर्तगाली और स्पेनिश तानाशाही के बाद समाप्त हो गया। इसका परिणाम यह हुआ कि रूढ़िवाद ने लोकतंत्र को अपना लिया लेकिन इस बीच उग्र रूढ़िवाद ने परम्परागत कीनेसियन लोक-कल्याणकारी की धारणा को भी चुनौती दी। (Heywood, 2017: 82)

नव अधिकार (स्वेच्छातंत्र के मूल्यों का समर्थन करते हुए राज्य के हस्तक्षेप में कटौती के अधिक स्वतंत्रता की माँग) ने मुख्यतः टेलीविजन और फिल्म में सेंसरशिप पर करों में कटौती की माँग और प्रवासियों के आगमन के विरोध जैसे मुद्दों पर विचार शुरू हुआ। वास्तव में परम्परागत उदारवादी अर्थव्यवस्था मुक्त बाज़ार वृहद् सरकारी, आर्थिक व सामाजिक हस्तक्षेप की आलोचना करते हैं। यही आगे चलकर यह नव अधिकार के नाम से जाना गया। दूसरी ओर नव अधिकार परम्परागत रूढ़िवाद का तत्त्व है क्योंकि यह सामाजिक सिद्धांत विशेष रूप से व्यवस्था और अनुशासन के संरक्षक माने जाते हैं।

1980 में सांस्कृतिक युद्ध के दौर में ईसाई अधिकार और नैतिक बहुसंख्यक ने लोककल्याण व नारीवाद की आलोचना की। 2000 तक आते-आते कई समूहों ने संयुक्त राष्ट्र और विदेशी मतों के लोककल्याणकारी राज्य के विरुद्ध की संस्कृति का निर्माण किया।

उदारवादी अवधारणा में रूढ़िवाद के मूल्यों में समानता देखी जा सकती है। जैसे नागरिक संगठन, संवैधानिक प्रतिबद्धता के जरिये संस्थागत जांच को सुनिश्चित करना। नवअधिकार ने आर्थिक विकास पर जोर दिया जो कुछ हद तक रूढ़िवाद के समान है। हालाँकि यह उदारवाद और नव अधिकार के विचार से भिन्न तार्किकता, सामाजिक विनिर्माण के विचार की आलोचना करते हैं।

DDCE/COL/SOL/University of Delhi

3.11 निष्कर्ष

सिद्धांतों का परम्परावादी स्वरूप कई अहम बिंदुओं पर प्रकाश डालता है। उपरोक्त चार सिद्धांतों के विकास का समय लगभग एक समान होने के कारण इनमें एक प्रकार संवाद को देखा जा सकता है। यह संवाद पूरक और विरोधाभास दोनों ही पहलुओं से जुड़ा हुआ है। परम्पराओं के रूप में इन सिद्धांतों ने सांझा विकास और नए बदलावों की स्वीकृति को तरजीह भी दी है। विकास के क्रम में सिद्धांतों के भीतर मौजूद अवधारणाओं को भी कई प्रकार की चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा है। एक समावेशी और व्यावहारिकतापूर्ण सिद्धांतों के रूप में स्वयं को बदलने वाली परम्परा अपने अस्तित्व को बनाये रखने में सफल हुई है, जबकि बदलावों में स्वयं को न ढाल पाने वाली परम्पराएँ आज अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही है।

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

3.12 अभ्यास प्रश्न

1) अराजकतावाद के सिद्धांत से आप क्या समझते हैं? आज के दौर में अराजकतावादी विचारों की क्या प्रासंगिकता है?
2) उदारवाद के किन मूल्यों को मार्क्सवादी विचारों ने चुनौती दी? क्या आप उन चुनौतियों से सहमत है?
3) रूढ़िवाद की परम्परा के मुख्य आधारों पर चर्चा कीजिये?

3.13 संदर्भ-सूची

- Avrich, P. (2021, February 4). *Peter Alekseyevich KROPOTKIN*. Encyclopædia Britannica. https://www.britannica.com/biography/Peter-Alekseyevich-Kropotkin.
- Bottomore, T. (1991). In *A dictionary of Marxist thought* (SECOND, p. 44). essay, Blackwell.
- Freeden, M. (2015). *Liberalism: A very short introduction*. Oxford University Press.
- Freeden, M., Sargent, L. T., Stears, M., & Sullivan, Noel. O. (2015). Chapter-16 Conservatism . In *The Oxford Handbook of political ideologies* (p. 339). essay, Oxford Univ. Press.
- Gabardi, W. (1986). Anarchism. by David Miller. (London: J. M. dent and Sons, 1984. Pp. 216. £10.95.). *American Political Science Review*, *80*(1), 300–302. https://doi.org/10.2307/1957102
- Guérin Daniel, Chomsky, N., & Klopper, M. (1970). *Anarchism, from theory to practice*. Monthly Review Press.
- Heywood, A. (2007). Chapter- 3 Conservatism. In *An introduction* (pp. 62–94). essay, Palgrave Macmillan.
- Heywood, A. (2017). Chapter-2 Liberalism. In *Political ideologies: An introduction* (Sixth, pp. 24–61). essay, Palgrave Macmillan.
- Heywood, A. (2017). Chapter-4 Socialism. In *Political ideologies: An introduction* (Sixth, pp. 95–136). essay, Palgrave Macmillan.

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

- Heywood, A. (2017). Chapter-5 Anarchism. In *Political ideologies: An introduction* (Sixth, pp. 137–162). essay, Palgrave Macmillan.
- Mukherjee, S., & Ramaswamy, S. (2019). Chapter-14 Karl Marx. In *A history of political Thought: Plato to Marx* (Second, pp. 435–477). essay, PHI Leaarning Private Limited.
- Philp, M. (2021, March 25). *William Godwin*. Stanford Encyclopaedia of Philosophy. https://plato.stanford.edu/entries/godwin/.
- Singer, P. (2000). *Marx a very short introduction*. Oxford University Press.
- Vincent, A. (2008). Chapter-2 We have a firm foundation. In *The nature of political theory* (Third, pp. 19–73). essay, Oxford University Press.
- Wolff, J., & Leopold, D. (2020, December 21). *Karl Marx*. Stanford Encyclopaedia of Philosophy. https://plato.stanford.edu/entries/marx/.

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

इकाई-4

राजनीतिक सिद्धांत में महत्वपूर्ण दृष्टिकोण: नारीवादी और उत्तर आधुनिक

राजिन्दर कुमार

संरचना

4.1 परिचय

4.2 नारीवाद अर्थ और महत्त्व

4.3 सेक्स और जेंडर से समाज विभाजन

4.4 नारीवाद के विभिन्न प्रकार

4.5 भारत में महिलाओं की स्थिति और नारीवाद

4.6 नारीवाद के सामने चुनौतियाँ

4.7 निष्कर्ष

4.8 वैकल्पिक प्रश्न

4.9 अभ्यास प्रश्न

4.10 संदर्भ

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

4.1 परिचय

कहा जाता है कि 'दिन औरत अपनी मेहनत का हक माँगेगी उस दिन दुनिया की सबसे बड़ी चोरी पकड़ी जाएगी'। हालाँकि इस कथन को तथाकथित राजनीतिक वैज्ञानिक या सिद्धांत शास्त्री किसी विशिष्ट विचारधारा से ओत-प्रोत माने पर सच्चाई तो वे भी नहीं नकार सकते। उपर्युक्त कथन जितना सरल लगता है उसकी गहनता और जटिलता उतनी ही अधिक है, इसलिए इसके पीछे की समझ को जानना बहुत अधिक आवश्यक है। ऐसा क्यों है कि हर समाज में महिलाओं की स्थिति पुरुषों के समान नहीं होती? उन्हें राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक तौर पर हीन पाया जाता है। क्या ऐसा होना कोई प्राकृतिक कारण है या फिर कोई सामाजिक सांस्कृतिक अनुबंध। इन सभी प्रश्नों पर प्रकाश डालने के लिए नारीवाद को समझना होगा।

राजनीतिक सिद्धान्त के क्षेत्र में नारीवाद और उसके महत्त्व को जानना जरूरी है। वैसे भी क्लेयर चैम्बर्स (2008) का मानना है कि राजनीतिक सिद्धांत का इतिहास हमेशा से ही पुरुष सिद्धांतवादी रहा है। क्योंकि जितने भी सिद्धांत बने हैं,

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

उसमें महिलाओं के योगदान को हाशिये पर रखा गया है। नारीवाद को समझने पर ही उसके उद्देश्यों और लक्ष्य को जान सकते हैं। इस लेख को इन्हीं सभी चिह्नों को ध्यान में रखकर गढ़ा गया है।

4.2 नारीवाद अर्थ और महत्त्व

नारीवाद नारी संबंधी उस विचारधारा को कहेंगे जो, समाज में उसकी असमानता, अधीनता, पिछड़ेपन व हाशिए की स्थिति पर ना सिर्फ प्रश्न उठाता है, बल्कि उसको परिवर्तित करने की कोशिश भी करता है। यह ऐसा सिद्धांत है, जो सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता की पैरवी करता है। उसका उद्देश्य ही है कि वर्तमान सामाजिक आर्थिक राजनीतिक व्यवस्था के दमनकारी पुरुष प्रभुत्व को समाप्त किया जाए और महिलाओं की स्वतंत्रता और समानता को बढ़ावा दिया जाए (विक्टोरिया ब्राऊन, 2019)।

विक्टोरिया ब्राऊन(2019) जो कि नारीवाद के ऐतिहासिक विकास को जाँचती हैं, उनका मानना है कि मैरी वॉल्सटॉनक्राफ्ट (Mary Wollstonecraft) को नारीवाद की जननी मन जाता है। वह बताती हैं कि नारीवाद का इतिहास काफी पुराना है इसकी शुरुआत 19वीं सदी में हुई थी, जब सर्वप्रथम सेनेका फाल्स में 1848 में वूमेन राइट कन्वैक्शन लगा था और उन्होंने महिलाओं के लिए राइट टू वोट यानी मताधिकार की बात की थी इसी को नारीवादी आंदोलन की पहली लहर माना जाता है। और इसकी दूसरी लहर 1960 और 1970 के दशकों में यूरोप और संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में स्त्री स्वतंत्रता आंदोलनों के रूप में आई। इस दौरान यूनाइटेड किंगडम में समान भुगतान कानून (Equal Pay Act,1970) और अमेरिका में समान अधिकार संशोधन, 1972 पास हुए थे।

हालाँकि इन दोनों लहरों महिलाओं की माँग के मूल्यों का आंकलन किया जाए तो वह स्वतंत्रता और समानता ही निकल कर आता है। जिसमें स्वतंत्रता का मूल्य उदारवाद और समानता का मूल्य समाजवाद के करीब लाता है। जिस पर आगे नारीवाद के प्रकार में विचार किया जाएगा।

अभी के लिए जो अहम है, वह यह समझना है कि राजनीतिक सिद्धान्त में नारीवाद का क्या महत्त्व है? इस प्रश्न के जवाब देने के लिए नारीवाद योगदान को समझना होगा। जिसपर निवेदिता मेनन का मानना है कि इसका सबसे बड़ा योगदान है, सेक्स व जेंडर में भेद का निर्माण करना।

4.3 सेक्स और जेंडर से समाज विभाजन

नारीवादी विमर्श को समझने के लिए सबसे पहले यह जान लेना जरूरी है कि सेक्स और जेंडर एक ही नहीं हैं, बल्कि दोनों अलग-अलग तरीक़े है जो सामाजिक विभाजन लाते हैं। एक तरफ सेक्स को जहाँ जैविक अर्थ में समझ सकते हैं, वहीं दूसरी तरफ जेंडर को सामाजिक और सांस्कृतिक अर्थ में समझ सकते हैं। अभी यही दो तरीके हैं, यह निर्धारण करने के लिए कि कौन पुरुष, स्त्री, या अन्य है। जिसमें से एक तरीका तो प्राकृतिक रूप में है, जबकि दूसरा मानव निर्मित। हमारा पुरुष प्रधान व्यवस्था हर संभव तरीके से अपनी स्थिति को उच्चतम या नियंत्रण करने वाली रखने के लिए जैविक निर्धारण के तरीके का भी इस्तेमाल अपने वर्चस्व को बढ़ावा देने के लिए करता है। यानी सेक्स के आधार पर ही समाज मे जेंडर भूमिका तय की जाती है। इसके द्वारा ही पुरुष बोला जाने वाला प्राणी अपनी इस चालाकी से दुनिया का मालिक बना

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning, School of Open Learning, University of Delhi

हुआ है और औरत उसकी नौकर। निवेदिता मेनन का भी मानना है कि जैविक निर्धारण सदियों से महिलाओं के दमन का सबसे वैधानिक यन्त्र बना हुआ है। इसलिए नारीवादी राजनीति के लिए इस जैविक निर्धारण को चुनौती देना बहुत अहम है (Bhargava, Acharaya: 225)। क्योंकि इस प्रकार के निर्धारण ने ही महिलाओं को हीन स्थिति में पहुँचाया है। इसको और बढ़िया से जानने के लिए Simone De Beauvior (सिमोन दी बुआ) की रचना *The Second Sex(1949)* से उस कथन को जाँचना होगा जिसमें वह कहती हैं कि कोई औरत पैदा नहीं होती, बल्कि औरत बन जाती है (One is not born but, rather becomes a woman)। औरत समाज द्वारा बनाई जाती है। जन्म से ही लड़की और लड़के की परवरिश में अंतर रखा जाता है उसके अंदर समाज कुछ ऐसे मूल्यों को गढ़ने की कोशिश करता है जो समाज में विभाजन लाता है हम देख सकते हैं कि लड़का और लड़की के लिए खिलौने, कपड़े, रंगों से लेकर उनके व्यवहार तक को भी अलग तरह से निर्धारित किया जाता है। उदाहरण के तौर पर लड़कियों को बचपन से ही सिखाया जाता है कि वह इधर-उधर नहीं घूमती दिन ढ़लने पर बाहर नहीं निकलती, जबकि लड़कों को सिखाया जाता है कि लड़के रोते नहीं हैं, लड़के किसी से डरते नहीं हैं। दोनों को इस तरह से सामाजिक किया जाता है कि उनमें अलग-अलग मूल्य आ जाएँ लड़के को निडर और लड़की को नाजुक बनाया जाता है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि दोनों मैं अंतर बना रहे और दोनों के दायरों को अलग किया जा सके। जहाँ एक लड़के का दायरा बृहद होता है, वही एक लड़की का दायरा बस घर तक सीमित होता है। यहीं से समाज में उन्हें अलग-अलग जेंडर आधारित भूमिकाएँ थमा दी जाती हैं, जिसमें पुरुष को घर से बाहर की सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका प्राप्त होती है और महिला को घर के भीतर की घरेलू भूमिकाओं से जूझना पड़ता है। पुरुष प्रधानता को बनाए रखने के पीछे जेंडर आधारित भूमिका निर्धारण भी अहम किरदार निभाती है। हम यहाँ पर यह भी देख सकते हैं कि कुछ मामलों में सेक्स आधारित अंतर का प्रयोग करके समाज में जेंडर आधारित अंतरों का निर्माण किया और उसके अनुसार सामाजिक भूमिका तय की है। उदाहरण के लिए बच्चे को जन्म देना, उसका स्तनपान कराना सेक्स आधारित अंतर है जो एक महिला करा सकती है, पुरुष नहीं। जबकि बच्चे का ख्याल रखना उसको पालना उसका पोषण करना जेंडर आधारित अंतर है, जो एक पुरुष भी कर सकता है लेकिन जेंडर की भूमिका के तहत यह काम महिलाओं पर थोपा गया है। इस प्रकार हम देख सकते हैं कि यह जो जेंडर आधारित अंतर हैं यह समाज के मान्यताओं से थोपे जाते हैं। मानव किसी भी प्राकृतिक नियम को तो नहीं बदल सकता लेकिन उन नियमों को जरूर बदल सकता है, जो खुद उसने समाज में रहकर बनाए हों या संस्कृति के नाम पर बनाए हों। इसीलिए नारीवादी हमेशा जेंडर और उसकी भूमिका की आलोचना करते हैं। क्योंकि यही सब कारण है जो महिलाओं को अधीनता की स्थिति में रखते हैं। कोई भी प्राकृतिक भेद को तो नहीं बदल सकता लेकिन सामाजिक और सांस्कृतिक मानव निर्मित भेद को अवश्य बदल सकता है। सिमोन दी बुआ का मानना है जेंडर समाज निर्मित है इसलिए इसे खत्म किया जाना चाहिए। जबकि नैंसी फ्रेसर भी जेंडर के विनिर्माण की बात करती हैं (Catriona Mckinnon, 2008: 272)। तमाम प्रकार के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों विचारधाराओं और संस्थाओं ने महिलाओं के वैचारिक और भौतिक अधीनता को जन्म दिया है। इस अधीनता को समाप्त करने के लिए ही नारीवादियों के निम्नलिखित लक्ष्यों को साथ आगे बढ़ रहे हैं—प्रथम, राजनीतिक सिद्धांत के निर्माण में जेंडर की भूमिका को समझना और उसकी आलोचना करना, दूसरा ऐसे राजनीतिक सिद्धांतों को बनाना जो जेंडर समानता को बढ़ावा दें और तीसरा ऐसे राजनीतिक विज्ञान का समर्थन करना या आगे बढ़ाना जो जेंडर समानता की बात करते हैं।

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

4.4 नारीवाद के विभिन्न प्रकार

1. **उदारवादी-नारीवादी :** नारीवादियों की इस श्रृंखला में उन शुरुआती नारीवादियों को रखा गया है, जिन्होंने शुरुआती दौर में महिलाओं की समानता और स्वतंत्रता की बात की थी। जैसे मैरी वोलस्टोनक्राफ्ट (A Vindication of the Right of Women) जे. एस. मिल (Subjugation of women) इन सभी ने अपनी रचनाओं के द्वारा महिलाओं के लिए समान अवसर और निष्पक्ष अवसर की माँग, समान राजनीतिक अधिकारों की माँग की और सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के अंतर को उजागर किया।

2. **मार्क्सवादी-समाजवादी नारीवादी :** इनके द्वारा माना जाता है कि महिलाओं के दमन के लिए वर्ग सिद्धांत की प्रमुख स्रोत है। और महिलाओं के दमन का कारण आर्थिक है जैसा कि हम देख सकते हैं कि महिलाओं को उनको घर में काम करने के लिए कोई आय नहीं मिलती। उनकी स्थिति बंधुआ की तरह है। पुरुष महिलाओं के कारण ही घर के बाहर के काम कर सकते हैं। इसलिए पैसे कमा सकते हैं लेकिन महिला आर्थिक रूप से पूरी तरह पुरुषों पर ही निर्भर है। इसलिए घर में भी महिलाएँ आर्थिक कारणों से पुरुषों के अधीन ही रहती हैं। जहाँ महिलाओं को पैसे कमाने वाले कार्यों में रखा जाता है, वहाँ भी उन्हें पुरुषों के समान कार्य के लिए वेतन काम दिया जाता है।

3. **रेडिकल नारीवादी :** इनका मानना है कि पितृसत्तात्मक समाज में स्त्री सुलभ मूल्यों का अवमूल्यन हुआ है महिलाएँ ज्यादा संवेदनशील, स्वाभाविक और प्रकृति के नजदीक हैं। सुसैन ग्रिफिन और एंड्रिया डवोर्किं कहती है कि इन स्त्री सुलभ मूल्यों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। क्योंकि पुरुष नैतिक निर्णय इस आधार पर लेता है कि समाज किसे सही मानता है, इसलिए पश्चिमी नैतिक दर्शन जैसे तार्किकता संप्रभुता व न्याय पुरुषों के अनुभव पर निर्मित है।

4. **उत्तर-आधुनिक नारीवादी :** जुडिथ बटलर मानती हैं कि जेंडर ही जैविक सेक्स की श्रेणी को जन्म देता है। जेंडर का निर्माण शक्ति के संबंधों मानको और पाबंदियों द्वारा होता है। इन नारीवादियों द्वारा बायोमेडिकल साइंस की आलोचना की गई है, क्योंकि रुथ ब्लिर एवं एवलिन फॉक्स केलर मानती है कि सेक्स और जेंडर के बीच का विभाजन सिर्फ बायोमेडिकल साइंस तक सिमट कर रह गया है। नेल्ली ओउदशरून (1994) अपने कार्य में वर्णन करती हैं कि यहाँ जेंडर प्रभावित किया जाता है, क्योंकि यह मानते हैं कि वैज्ञानिक तथ्य गहरे रूप से समाज और संस्कृति में समाहित है। इनका यह भी मानना है कि सेक्स मानवीय व्यवहार से भी बनता है (Bhargava, Acharaya, 2008: 231)।

4.5 भारत में महिलाओं की स्थिति और नारीवाद

भारत में महिलाओं की स्थिति काफी विचित्र है, क्योंकि एक ओर जहाँ महिलाओं को देवी सामान समझा जाता है, उनकी पूजा की जाती है। वहीं दूसरी ओर समाज में महिलाओं की स्थिति काफी निम्न स्तर पर देखी जा सकती है। उनके ऊपर घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, और भी बहुत सारी प्रताड़ना होती रहती हैं। उन्हें पुरुष प्रभुत्व अधीन रहना पड़ता है। यही भारत देश में महिलाओं की स्थिति की विचित्रता है कि एक और तो उन्हें पूजनीय स्थान प्राप्त है लेकिन वास्तविकता में वे पुरुषों

© DDCE/COL/SOL, University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

के समान तक नहीं मानी जाती हैं। इस प्रकार की भारत में महिलाओं की विचित्र स्थिति या आम भाषा में कहें तो महिलाओं के प्रति दोगलापन का कारण क्या हो सकता है? क्या यह प्राचीन सुविख्यात भारतीय संस्कृति के कारण है? या किसी बाहरी सभ्यता के कारण है? इसका जवाब ढूँढ़ना बहुत जरूरी है।

उमा चक्रवर्ती इन्हीं सब सवालों का जवाब ढूँढ़ते हुए अपने लेख 'Conceptualizing Brahamanical Patriarchy in Early India' का निर्माण करती हैं, जिसमें उन्होंने पाया कि जाति और पितृसत्ता में एक गहरा संबंध है। वह वर्णन करती है कि महिलाओं की अधीनता उन सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण से निर्मित होती है, जिसमें महिलाओं को रखा गया है। वह मानती हैं कि धार्मिक परंपराओं से ऐसी सामाजिक क्रियाओं और अभ्यासों का निर्माण होता है, जो महिलाओं को सदा पुरुषों के अधीन रखने की कोशिश करते हैं।

वह लिखती हैं कि जाति पदानुक्रम और जेंडर पदानुक्रम ब्राह्मणवादी सामाजिक व्यवस्था के आयोजन सिद्धांत हैं। ब्राह्मणवादी पितृसत्ता में औरतों की पवित्रता पर जोर दिया जाता है और इसी कारण पुरुषों द्वारा उनकी लैंगिकता पर नियंत्रण किया जाता है। क्योंकि ब्राह्मणवादी व्यवस्था में रक्त की गुणवत्ता का प्रश्न उठता रहता है, वह रक्त की पवित्रता को बचाए रखना चाहते हैं। वह नहीं चाहते कि किसी भी प्रकार से इस रक्त की शुद्धता को भंग किया जाए, क्योंकि उनके द्वारा समाज पर थोपी गई जाति प्रथा को बनाए रखने का आधार वह रक्त की शुद्धता को ही बताते हैं। इसलिए उन्होंने अंतर-जाति विवाह पर अपने द्वारा निर्मित धार्मिक ग्रंथों के माध्यम से विरोध प्रकट किया है। उनके लिए सबसे ज्यादा प्रदूषित वह जति है, जो उच्च जाति की महिला और निम्न जाति के पुरुष के मेल का परिणाम है। यदि ऐसा होता है तो उन्हें धर्म से बहिष्कृत किया जाना चाहिए या वह रीति-रिवाज के तहत मृत्यु का भागी है। ऐसा ब्राह्मणवादी ग्रंथो में उल्लेखित है। उमा चक्रवर्ती आगे लिखती हैं कि इस समस्या से बचने के लिए समाज में महिलाओं की लैंगिक अधीनता को ब्राह्मणवादी नियम कानूनों द्वारा संस्थागत बनाया गया और उसे राज्य की शक्ति के द्वारा उन पर थोपा गया।

लेकिन यहाँ यह जानना जरूरी है कि महिलाओं ने इस प्रकार के रीति-रिवाजों या पारंपरिक नियमों का विरोध क्यों नहीं किया? इसका उत्तर देते हुए उमा चक्रवर्ती बताती हैं कि औरतों द्वारा इसका कोई विरोध नहीं किया, क्योंकि औरतें अक्सर इस पर अपनी सहमति तीन कारणों के वजह से दिखाती हैं जिसमें सबसे पहले विचारधारा, फिर पुरुषों के ऊपर उनकी आर्थिक निर्भरता, और अंत में सहमत न होने स्थिति में उनके ऊपर पुरुषों द्वारा बल का प्रयोग करना है। इसलिए महिलाएँ अक्सर इन सभी स्थितियों में अपनी सहमति दिखाने के अलावा और कुछ नहीं कर सकती।

उमा चक्रवर्ती यह भी वर्णन करती हैं, कि आदि काल में जब शिकार-भण्डारण का दौर था तब महिलाएँ और पुरुष अलग थे, लेकिन समान थे। इसको साबित करने के लिए वह कठोतिया, भीमबेटका और खरवाई की गुफाओं में बनी चित्रकारी का सहारा लेती हैं। और बताने की कोशिश करती हैं, कि उस दौर के समाज में महिला लैंगिकता, महिलाओं के अस्तित्व का एक पहलू था। लेकिन उनके ऊपर कोई लैंगिक नियंत्रण नहीं था। महिलाओं और उनकी लैंगिकता पर नियंत्रण तो वैदिक काल से आया जिसमें प्राचीन राज्य की सामाजिक संगठन द्वारा इसे लागू किया गया। वह बताती हैं कि ऋग्वेद में दासी प्रथा का वर्णन है। आर्य जिसको भी हर आते थे, उनकी औरतों पर कब्जा कर लेते थे, और उन्हें दासी बना लेते थे। तब दासी रखना धन के संचयन के रूप में देखा जाता था। उत्तर वैदिक संस्कृति में आर्यों की महिलाएँ घर के कामों तक ही सीमित रह गई और उनकी दासियाँ खेतों में काम करती थी और आर्य महिलाएँ सिर्फ प्रजनन का काम करती थी।

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

वह बताती हैं कि किस प्रकार धर्म द्वारा महिलाओं की लैंगिकता और महिलाओं पर नियंत्रण स्थापित किया गया है। देवी देवताओं में भी इसका वर्णन मिलता है क्योंकि देवियाँ बस अपने देवताओं का पालन करती थी, उनके अधीन रहती थी। जातक कथाओं द्वारा भी महिलाओं की स्थिति को हीन बनाया गया। जैसे शतपथ ब्राह्मण के रूप में हमें बताया गया है कि एक महिला, एक शूद्र, एक कुत्ता और एक कौवा असत्य, पाप और अंधकार के अवतार हैं [XIV.11.31]।

जातक कथाओं में महिलाओं को कामुकता से भरा हुआ बताया गया है। जैसे उनमें लिखा है कि महिलाओं को न तो सुंदरता की परवाह होती है, न ही उनका ध्यान उम्र पर टिका होता है; यह सोचकर कि वह एक आदमी है, वे अपने आप को सुंदर और कुरूप को दे देते हैं। पुरुषों के प्रति अपने जुनून के माध्यम से, अपने परिवर्तनशील स्वभाव के माध्यम से, अपनी स्वाभाविक हृदयहीनता के माध्यम से, वे अपने पतियों के प्रति विश्वासघाती हो जाती हैं, चाहे कितनी भी सावधानी से उनकी रक्षा की जाए [मनु IX। 15]. वैदिक काल से महिलाओं की बुरी स्थिति का या उनके अधीनता का सबसे बड़ा कारण रहा वह मनु है। उन्होंने अपनी निम्न समझ से बताया कि औरतों की झूठ बोलने की, यहाँ-वहाँ बैठने की, गहनों से प्रेम करने की, गुस्सा, कमीनापन और बुरा बर्ताव करने बुरी आदत होती है। मनु यह लिखता है कि महिलाएँ सहज रूप से कामुक, चंचल दिमाग वाली, प्यार में कमी और अपने पति के प्रति विश्वासघाती होती हैं। यहाँ तक की बारीकी से पहरा देने पर भी। उन्होंने महिलाओं को अपवित्र माना। खासतौर से मासिक धर्म को, वह मानते हैं कि मासिक धर्म ब्रह्म हत्या में महिलाओं की भागीदारी से जुड़ा है। यह एक महिला की जन्मजात अशुद्धता और साथ ही उनकी शारीरिक कामुकता का प्रतीक है। इसलिए मनु मानता है कि महिलाओं के ऊपर हमेशा पहरा रखा जाना चाहिए, चाहे उनकी कोई भी उम्र हो, दिन हो या रात हो। मनु के अनुसार जिस महिला पर सबसे ज्यादा पहरा देना है, या नियंत्रण रखना है, वह पत्नी है। क्योंकि पत्नी से उसके पति के बच्चे का जन्म होता है यदि पत्नी का चाल चलन सही नहीं हुआ तो परिवार सही नहीं होगा।

इन सभी पारंपरिक और धार्मिक कारणों ने पुरुषों के भीतर महिला की लैंगिकता को नियंत्रित करने का मार्ग खोला है। उन्हें महिला की अनियंत्रित लैंगिकता से डर लगने लगा है। उनके मन-मस्तिष्क में यह कुविचार भर चुका है कि औरत के संभोग आकांक्षा कभी पूरी या खत्म नहीं हो सकती। इसलिए महिलाओं को नियंत्रित करने के कुछ यांत्रिक तत्त्व का निर्माण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम है विचारधारा, विचारधारा के द्वारा महिलाओं के जेहन में स्त्री-धर्म या पतिव्रता धर्म और पर्दा प्रथा को उतारा गया। चक्रवर्ती मानती हैं कि यह सभी चीजें ऊँच-नीच असमानता का संगठनात्मक ढाँचा है। महिलाओं के सामने ऐसी स्त्रियों का उदाहरण पेश किया गया, जो अपने पति के अधीन रहती थी और पतिव्रता धर्म का पालन करती थी। जैसे सीता, सावित्री, अनुसूया, अरुंधति आदि। यहाँ गौर करने लायक यह बात है कि सीता और संबुला की कहानी लगभग एक समान ही है, जबकि दोनों ही अलग-अलग धर्मों का उदाहरण पेश करती है। जहाँ सीता हिंदू धर्म के लिए देवी मानी जाती है, वहीं संबुला को बौद्ध धर्म में बेहद पवित्र माना गया है।

महिलाओं के नियंत्रण के लिए जो दूसरा हथकंडा अपनाया गया, वह ब्राह्मणवादी सामाजिक नियम हैं जिनके द्वारा महिलाओं को हमेशा पुरुषों के अधीन रखा गया। इस व्यवस्था से यह सुनिश्चित किया गया कि एक महिला अपने पति के अलावा किसी अन्य पुरुष के संपर्क में ना आए, वह घर में ही रहे, उसका कहीं और बाहर आना-जाना ना हो। यदि वह पति की अनुमति के बिना कहीं बाहर जाती है, किसी और पुरुष से बातचीत करती है, तो वह पापी है उसे दंड दिया जाना आवश्यक है।

© DDCE/COL/SOL/University of Delhi

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

तीसरा तरीका महिलाओं को नियंत्रित रखने के लिए पितृसत्तात्मक राज्यों द्वारा अपनाया गया। राज्य या सभा मुख्यतः महिलाओं की पवित्रता को बचाने का काम करते थे, ताकि जाति की पवित्रता बनी रहे और ब्राह्मणवादी सामाजिक व्यवस्था चलती रहे।

उमा चक्रवर्ती के लेखों से जो मुख्य बात निकल कर आई वह यह थी कि जेंडर और जाति आपस में जुड़े हुए हैं। उन्होंने महिलाओं की बुरी स्थिति के लिए वैदिक परंपरा को दोषी माना। जिसमें मनु, जातक कथाएँ, महाभारत, रामायण जैसे महा ग्रंथ हमेशा ब्राह्मणवादी पितृसत्ता को स्थापित करने की कोशिश करते रहे। यह सभी प्रयास केवल और केवल जाति व्यवस्था को बचाए रखने के लिए किया गया, ताकि ब्राह्मणवादी परंपरा चलती रहे और निम्न जातियाँ और महिलाएँ उनके अधीन रहे। ब्राह्मणवादी परंपरा द्वारा महिलाओं को नियंत्रित रखने का मुख्य कारण यह है कि वह महिलाओं को जाति व्यवस्था को दूषित करने या अन्य जाति के प्रवेश करने के द्वार के रूप में देखते रहे। उन्हें लगता था यदि कोई शूद्र या निम्न जाति का पुरुष उच्च जाति की महिला से संबंध बनाता है या संतान को जन्म देता है, तो इससे जाति व्यवस्था को या वर्ण व्यवस्था को खतरा पैदा होगा। यही कारण था कि ब्राह्मणवादी सोच रखने वाले हमेशा अपनी स्थिति को बनाए रखने के लिए अपने घर की, और अपनी जाति की औरतों को नियंत्रित करते रहे।

बाला देवी अपने लेख 'भारत में महिलाओं की वर्तमान स्थिति की वैदिक तथा मध्यकालीन स्थिति की तुलनात्मक सामाजिक विवेचना' में वर्णन करती हैं कि वैदिक काल में महिलाओं को निम्न दृष्टि से देखा गया, पर उनकी स्थिति में गिरावट मुख्य रूप से उत्तर-वैदिक काल से आई। वह मानती हैं कि मध्यकाल में महिलाओं के विरुद्ध बहुत सारी कुरीतियाँ प्रचलित हो गई, जिसमें सती प्रथा, बाल विवाह, विधवा पुनः विवाह पर रोक और पर्दा प्रथा मुख्य थी। बाला देवी इन सभी कुरीतियों के कारण को खोजते हुए बताती हैं कि विदेशी आगमन, महिलाओं की निम्न स्थिति का कारण है। मुगल शासन, सामंती व्यवस्था, विदेशी आक्रमण और शासकों का विलासिता पूर्ण प्रकृति इन सभी तत्त्वों ने महिलाओं को उपभोग की वस्तु बना दिया। इस संकट से बचाने के लिए धार्मिक रूप से बहुत सारी कुरीतियों, रीति-रिवाजों का निर्माण किया गया ताकि महिलाओं को दूसरों से बचाया जा सके। लेकिन बाला देवी यह भूल रही हैं कि जिन तरीकों का इस्तेमाल महिलाओं की सुरक्षा या संरक्षण के लिए किया गया वह पुरुष प्रधानता या पितृसत्तात्मक सोच रखने वालों के द्वारा लागू किए गए, महिलाओं की इसमें कोई भागीदारी नहीं थी। वह तो बस इन सामाजिक कुरीतियों का पालन मजबूरन कर रही थीं।

बहरहाल बाला देवी यह भी बताती हैं कि मध्यकाल महिलाओं के संघर्ष का युग भी है, जिसमें बहुत सारे समाजसेवी महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए उनका सही संरक्षण करने के लिए लड़ रहे थे। उन्नीसवीं सदीं के पूर्वार्द्ध में भारत के कुछ समाजसेवियों जैसे राजाराम मोहन राय, दयानन्द सरस्वती, ईश्वरचन्द विद्यासागर तथा केशवचन्द्र सेन ने अत्याचारी सामाजिक व्यवस्था के विरूद्ध आवाज उठायी। इन्होंने तत्कालीन अंग्रेजी शासकों के समक्ष स्त्री पुरुष समानता, स्त्री शिक्षा, सती प्रथा पर रोक तथा बहु विवाह पर रोक की आवाज उठायी। इसी का परिणाम था सती प्रथा निषेध अधिनियम, 1829, 1856 में हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम, 1891 में एज ऑफ कन्सटेन्ट बिल,1891 में बहू विवाह रोकने के लिए मैरिज एक्ट पास कराया। इन सभी कानूनों का समाज पर दूरगामी परिणाम हुआ।

वैदिक काल और मध्यकाल में महिलाओं की स्थिति को जानने के बाद सबसे ज्यादा जरूरी है कि वर्तमान में उनकी

© Department of Distance & Continuing Education, Campus of Open Learning,
School of Open Learning, University of Delhi

स्थिति को समझा जाए और यह देखा जाए कि भारत में नारीवादी किस प्रकार से काम कर रहे हैं? इसके लिए हमें कमला भसीन जो कि अपने आप को विकासवादी नारीवादी के रूप में देखती हैं, उनकी नारीवादी समझ और माँगों पर ध्यान देना होगा।

